# देशबन्धु

वर्ष – 36 । अंक –99 । भोपाल, शुक्रवार, 11 अप्रैल 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए



अब दो से तीन मंजिला होंगे पंचायत भवन : प्रहलाद पटेल पृष्ठ 2

▸ मोदी के दावों और नीति पर सवाल करते पीयूष गोयल
▸ युद्धों के कारण मानवीय संकट अपने चरम पर पृष्ठ 4

▸ भाजपा कार्यकर्ताओं ने पढ़ा संगठन की रीति नीति का पाठ पृष्ठ 6

संत, महात्मा ज्ञान और सन्मार्ग के हैं प्रेरणा पुंज पृष्ठ 8


## सार-समाचार

### दिल्ली में आयुष्मान कार्ड का वितरण शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना- आयुष्मान भारत के अंतर्गत गुरुवार को आयुष्मान कार्ड वितरण की शुरुआत हो गई। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की उपस्थिति में चयनित लोगों को आयुष्मान खुराना कार्ड दिए गए। इस कार्ड से दिल्ली के 36 लाख से अधिक लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल सकेगा। योजना के अंतर्गत प्रत्येक परिवार को प्रतिवर्ष 10 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध होगा।

### मुंबई पुलिस ने शरीफुल की जमानत का विरोध किया

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हमला करने के मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद ने मुंबई के सेशन कोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की है। हालांकि, मुंबई पुलिस ने आरोपी की जमानत याचिका का विरोध किया है। इस मामले में अगली सुनवाई 17 अप्रैल को होगी। मुंबई पुलिस ने आरोपी की तरफ से दाखिल की गई जमानत याचिका मामले में अपना जवाब कोर्ट में दाखिल किया। उन्होंने कहा कि जिस चाकू से सैफ अली खान पर हमला किया गया था, फोरेंसिक जांच में चाकू के तीनों टुकड़े मेल खाते पाए गए हैं।

### धमकियां और ब्लैकमेल से नहीं निकलेगा रास्ता: चीन

**बीजिंग, एजेंसी।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ वॉर के बाद पूरी दुनिया में हलचल तेज है। इस बीच अमेरिका और चीन के बीच टेंशन भी चरम पर है। ट्रंप के टैरिफ लगाने के बाद शी जिनपिंग ने भी जवाबी टैरिफ लगा दिया और चीन ने कहा है कि धमकियां देने और ब्लैकमेल करने से चीन से निपटा नहीं जा सकता। वहीं, डोनाल्ड ट्रंप ने नरम रुख अपनाते हुए कहा कि शी जिनपिंग बहुत ही स्मार्ट है।

### भारत ने बांग्लादेश के लिए ट्रांस-शिपमेंट सुविधा रोकी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने अपने हवाई अड्डों और बंदरगाहों पर काफी भीड़ भाड़ का हवाला देते हुए कहा कि बांग्लादेश को उपलब्ध ट्रांस-शिपमेंट सुविधा समाप्त कर दी है। इस सेवा का इस्तेमाल करके बांग्लादेश भारतीय सीमा शुल्क (कस्टम) स्टेशनों का उपयोग करके तीसरे देशों को माल निर्यात करता था। विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा, बांग्लादेश को दी गई ट्रांस-शिपमेंट सुविधा के कारण पिछले कुछ समय से हमारे हवाई अड्डों और बंदरगाहों पर काफी भीड़ भाड़ हो रही थी।

### जमीन विवाद में भाजपा नेता की हुई थी हत्या, फरार शूटर सहित चार गिरफ्तार

**रांची, एजेंसी।** रांची पुलिस ने भारतीय जनता पार्टी के नेता अनिल महतो टाइगर की हत्या के मामले का खुलासा कर दिया है। रांची के डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा ने गुरुवार शाम एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि उनकी हत्या की साजिश रांची के किशोरगंज निवासी जमीन कारोबारी देवव्रत नाथ शाहदेव ने रची थी। कांके थाना क्षेत्र के गागी खटंगा गांव स्थित 10 एकड़ विवादित भूमि पर मालिकाना हक को लेकर उनकी भाजपा नेता अनिल टाइगर के साथ तनातनी थी। उन्हें रास्ते से हटाने के लिए अपराधियों को सुपारी दी गई थी। इस पूरी साजिश में सात लोगों की भूमिका पाई गई है, जिनमें देवव्रत नाथ शाहदेव के अलावा अभिषेक सिन्हा, रोहित वर्मा, अमन सिंह, जिशान अख्तर, मनीष चौरसिया और अजय कुमार रजक शामिल है।

### नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों ने पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में निकाली रैली

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के शिक्षकों ने अपनी नौकरी गंवाने के विरोध में गुरुवार को एक विशाल रैली आयोजित की। उनका आरोप है कि कोलकाता पुलिस ने दक्षिण कोलकाता में जिला निरीक्षक (डीआई) कार्यालय के बाहर एक शिक्षक पर लाठीचार्ज किया और उन्हें लात मारी। उन्होंने स्कूल सेवा आयोग द्वारा पात्र अभ्यर्थियों को अयोग्य अभ्यर्थियों से अलग करने के लिए ओएमआर की मिरर इमेज जारी करने की भी मांग की। उल्लेखनीय है कि सर्वोच्च न्यायालय ने पिछले सप्ताह कथित नकदी के बदले नौकरी घोटाले में स्कूल सेवा आयोग द्वारा भर्ती किए गए 25,752 शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति रद्द कर दी।

केन्द्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री ने 10 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का किया लोकार्पण और भूमिपूजन

# प्रदेश के राष्ट्रीय राजमार्ग 3 साल में अमेरिका से भी अच्छे होंगे : गड़करी



**धार/भोपाल, देशबन्धु।** केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि 3 साल में हम मध्यप्रदेश में उपलब्ध राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को अमेरिका से अच्छा और सुंदर बनाएंगे। उन्होंने कहा कि अगले 1 साल में हम देश में 3 लाख करोड़ से अधिक के राष्ट्रीय राजमार्ग व अन्य अधोसंरचना निर्माण कार्य पूरे करेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी देश-प्रदेश के विकास के लिए जिन 4 प्रमुख संसाधनों जल, ऊर्जा, परिवहन और अधोसंरचनात्मक विकास की जरूरत होती है मध्यप्रदेश इन चारों संसाधनों पर तेजी से बढ़ रहा है।

श्री गडकरी आज धार जिले के बदनावर के ग्राम खेड़ा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। श्री गडकरी ने यहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ संयुक्त रूप से 5 हजार 8 सौ करोड़ की लागत वाली 10 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं एवं संबद्ध अधोसंरचना निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया। केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने कहा कि मध्यप्रदेश में डबल इंजन की सरकार है। यहां तेजी से विकास हो रहा है। सबको सुखी, समृद्ध और सशक्त बनाने का विजन लेकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव बड़ी तेजी से प्रदेश को ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### इन सड़क परियोजनाओं का किया भूमि-पूजन और लोकार्पण



केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन-बदनावर खंड पर नवनिर्मित 4 लेन सड़क, उज्जैन-गरोठ के खेड़ा खजुरिया से सुहागड़ी तक 4/6 लेन ग्रीनफील्ड हाई-वे, उज्जैन-गरोठ के सुहागड़ी से बर्डिया अमरा तक 4/6 लेन ग्रीनफील्ड हाई-वे, जीरापुर-सुसनेर-मध्यप्रदेश एवं राजस्थान बॉर्डर खंड पर पेव्ड शोल्डर के साथ 2 लेन सड़क और बाकानेर घाट पर पेव्ड शोल्डर के साथ अतिरिक्त 3 लेन सड़क का भी लोकार्पण किया। इसी प्रकार संदलपुर-नसरुल्लागंज खंड पर 4-लेन ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### राजमार्ग परियोजनाओं से सिंहस्थ में मिलेगी मदद : डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस अवसर पर कहा कि मालवा अंचल को सीधे तौर पर लाभान्वित करने वाली इन सभी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं से सरकार को सिंहस्थ-2028 के सफल आयोजन में भरपूर मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि सड़कें विकास का सहज पैमाना होती है। इसलिए गांव-गांव तक रोड संपर्क बढ़ाकर हम जनता की जिन्दगी में बदलाव लाने की दिशा में तेजी से बढ़ रहे हैं। डॉ. यादव ने कहा कि हम रोड संपर्क बढ़ाकर गांव के साथ-साथ शहरों को भी स्मार्ट सिटी बनाने के लिए प्रयासरत हैं। डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर और भोपाल जल्द ही मेट्रोपॉलिटिन सिटी बनेंगे। ग्रामीण हो या शहरी सभी को इसका लाभ मिलेगा।

### मुख्यमंत्री ने मांगे 12 हजार करोड़, गडकरी ने दी 33 हजार करोड़ की सौगातें

केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मांग पर मंच से ही केन्द्रीय सड़क निधि से 12 हजार करोड़ लागत की 4 सौ कि.मी. लंबाई वाली 6 नई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के निर्माण एवं विकास कार्यों को मंजूरी दी। केन्द्रीय मंत्री ने मध्यप्रदेश में 33 हजार करोड़ की लागत से एनएचएआई द्वारा निर्मित किए जाने वाले 5 नए ग्रीनफील्ड इकॉनामिक कॉरिडोर निर्माण कार्य, रिंग रोड, एलिवेटेड कॉरीडोर, सेतु एवं अन्य निर्माण कार्यों को भी मंजूरी देते हुए इन निर्माण कार्यों के पूर्ण होने की समय-सीमा भी घोषित की। श्री गडकरी ने कहा कि सड़क परियोजनाओं के पूरा होने पर क्षेत्र का विकास होगा। युवाओं को रोजगार मिलेगा, गरीबी दूर होगी। किसानों की फसल को अच्छा दाम मिलेगा।

# मुंबई हमले का मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा भारत लाया गया

- दिल्ली पहुंचने पर एनआईए ने अपने कब्जे में लिया
- तहव्वुर को तिहाड़ जेल में रखा जाएगा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड तहव्वुर हुसैन राणा को वर्षों की लंबी कानूनी लड़ाई के बाद आखिरकार गुरुवार को यहां पहुंचने पर हिरासत में लिया और अब उसे न्यायालय में पेश किया गया। राणा को अमेरिका से प्रत्यर्पित कर आज शाम विशेष विमान से यहां लाया गया। एनआईए ने आज शाम को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि उसने लंबी कानूनी लड़ाई के बाद आखिरकार राणा को सफलतापूर्वक प्रत्यर्पित करने में सफलता हासिल कर ली है। भारत-अमेरिका प्रत्यर्पण संधि के तहत शुरू की गई कार्यवाही के चलते राणा को अमेरिका में न्यायिक हिरासत में रखा गया था। राणा द्वारा प्रत्यर्पण को रोकने के लिए सभी कानूनी रास्ते आजमाने के बाद आखिरकार उसके प्रत्यर्पण की प्रक्रिया पूरी हो गयी। वक्तव्य में कहा गया है कि कैलिफोर्निया के डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने 16 मई 2023 को उसके प्रत्यर्पण का आदेश दिया था। इसके बाद राणा ने नौवीं सर्किट कोर्ट ऑफ अपील में कई मुकदमे दायर किए, जिनमें से सभी को खारिज कर दिया गया। इसके बाद उसने एक रिट , दो बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाएं और अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के समक्ष एक आपातकालीन आवेदन दायर किया लेकिन उसे भी खारिज कर दिया गया। भारत द्वारा अंततः अमेरिकी सरकार से वांछित आतंकवादी के लिए आत्मसमर्पण वारंट प्राप्त करने के बाद दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण कार्यवाही शुरू की गई। मुंबई में 26/11 के आतंकवादी हमले के मुख्य साजिशकर्ता पाकिस्तानी तुहव्वुर राणा को तिहाड़ जेल में रखा जाएगा।

### भारत लाने का झूठा श्रेय ले रही सरकार : चिदंबरम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम ने कहा है कि मुंबई आतंकवादी हमले के मुख्य साजिशकर्ता तहव्वुर हुसैन राणा को भारत लाने का श्रेय मोदी सरकार ले रही है, लेकिन सच यह है कि उसे भारत लाने में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार की मेहनत आज रंग लाई है। श्री चिदंबरम ने गुरुवार को यहां जारी बयान में कहा कि 26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों के मुख्य आरोपियों में से एक राणा को आज भारत लाया गया, लेकिन पूरी कहानी यह है कि मोदी सरकार इस घटनाक्रम का श्रेय लेने के लिए होड़ में लगी है। जबकि सच्चाई उनके दावों से कोसों दूर है। इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने अपने पूर्व ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

## मणिपुर में फिर बढ़ा तनाव, 17 तक कर्फ्यू लगाया गया

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में दो जनजातियों के बीच हुए विवाद की वजह से बुधवार को 17 अप्रैल तक कर्फ्यू लगाया गया। जोमी और हमार जनजाति के बीच विवादित जगह पर अपने-अपने समुदाय के झंडे फहराने को लेकर तनाव पैदा हो गया था। यह विवादित जगह वी मुनहोइह और रेंगकाई गांवों के बीच है। वी मुनहोइह और रेंगकाई के साथ ही कांगवाई, समुलामलान और संगाइकोट में भी कर्फ्यू लगाया गया है। हालांकि, इन इलाकों में सुबह 6 बजे से 5 बजे शाम तक कर्फ्यू में छूट दी गई है। बुधवार को कलेक्टर ने दोनों गांवों के लोगों की बैठक ली। इस दौरान दोनों समुदायों ने कहा कि यह विवाद जातीय नहीं जमीन का है। बैठक में लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहें न फैलाने की अपील की गई। इससे पहले दोनों जनजातियों के बीच 18 मार्च को झंडा हटाने को लेकर हिंसा हुई थी। इस हिंसा में हमार जनजाति के रोपुई पाकुमटे नामक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए थे। हालांकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 3-4 अप्रैल को लोकसभा में कहा था कि दिसंबर से मार्च तक बीते चार महीनों से मणिपुर में कोई हिंसा नहीं हुई है। राहत कैंपों में खाने-पीने, दवाइयों और मेडिकल सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं।

इंडिया गठबंधन के नेताओं ने की प्रेस कांफ्रेंस

## सूचना का अधिकार कानून को तबाह करने में जुटी सरकार

- कहा- अब जनता को नहीं मिल पाएगी जानकारी
- 120 से अधिक सांसदों ने ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए
- डाटा संरक्षण अधिनियम की धारा 44(3) निरस्त करने की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन ने 'डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण' (डीपीडीपी) अधिनियम की धारा 44(3) को निरस्त करने की मांग करते हुए दलील दी कि यह सूचना का अधिकार (आरटीआई) कानून को कमजोर करती है। सरकार अब आरटीआई एक्ट को पूरी तरह से तबाह करने में जुटी हुई है। कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने यहां संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों के 120 से अधिक सांसदों ने इस धारा को निरस्त करने के लिए एक संयुक्त ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं और इसे सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव को सौंपा जाएगा।

संवाददाता सम्मेलन में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेता एमएम अब्दुल्ला, शिवसेना की नेता प्रियंका चतुर्वेदी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेता जॉन ब्रिटास, समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता जावेद अली खान और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता नवल किशोर शामिल हुए।

प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि आज डिजिटल प्लेटफॉर्म बहुत महत्वपूर्ण हैं, लेकिन जिस तरह से सरकार घेराव की तैयारी कर रही, उससे खोजी पत्रकारिता को बहुत नुकसान होगा। ये बात मुझे कहने में कोई हिचक नहीं है कि देश का ब्रॉडकास्ट मीडिया कोलैप्स कर गया है। वो अब रीढ़विहीन हो गया है। सरकार अब आरटीआई एक्ट को पूरी तरह से तबाह करने में जुटी हुई है। सरकार कई ऐसे प्रावधान लाई है, जिसके तहत अब जनता को जानकारी मिल ही नहीं पाएगी। ये बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। 2019 और 2021 में जब ये बिल लाने के कोशिश की गई थी, तब उनमें ये प्रावधान नहीं थे, लेकिन जब 2023 में मनमाने तरीके से बिल लाया गया, तब ये प्रावधान जोड़ दिए गए।

गोगोई ने कहा कि नागरिक अधिकार कार्यकर्ताओं ने डीपीडीपी अधिनियम की धारा 44(3) का विरोध किया है, जिसके जरिये आरटीआई अधिनियम, 2005 की धारा 8(1)(जे) को प्रतिस्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। आरटीआई अधिनियम की धारा 8(1)(जे) के तहत व्यक्तिगत जानकारी देने से रोकने की अनुमति दी गई है, यदि उसका खुलासा किसी सार्वजनिक गतिविधि या हित से संबंधित नहीं है या इससे निजता का अनुचित उल्लंघन होता है।

## प्रधानमंत्री मोदी आज आनंदपुर धाम आयेंगे



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अशोकनगर जिले में ईसागढ़ तहसील के आनंदपुर धाम आएंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी गुरु जी महाराज मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगे और आनंदपुर धाम स्थित मंदिर परिसर का भ्रमण भी करेंगे।

**गुरु जी महाराज मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगे**

आध्यात्मिक और पारमार्थिक उद्देश्य से स्थापित आनंदपुर धाम 315 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है। यहां आधुनिक गौशाला संचालित है, जिसमें 500 से अधिक गौवंश है। आनंदपुर ट्रस्ट यहाँ कृषि कार्य भी कर रहा है। श्री आनन्दपुर ट्रस्ट ग्राम सुखपुर तहसील ईसागढ़ में 1977 से चैरिटेबल अस्पताल संचालित है। यहां मरीजों के लिए 125 बिस्तरों की व्यवस्था है। अस्पताल में प्रतिदिन लगभग 600 मरीजों की ओ.पी.डी. संचालित है। यहां एमडी फिजिशियन, डेंटल स्पेशलिस्ट, एमएस जनरल सर्जरी, एम.एस. आर्थोपेडिक, कॉर्डियोलॉजिस्ट, फिजियोथेरेपिस्ट तथा नेत्रसर्जन पदस्थ है। वर्ष में विशेष स्वास्थ्य शिविर भी यहां आयोजित किये जाते हैं। ट्रस्ट द्वारा आनंद प्राथमिक विद्यालय सुखपुर, आनंद माध्यमिक विद्यालय आनंदपुर तथा आनंद मिडिल स्कूल ग्राम सुखपुर में संचालित हैं, जिसमें 62 शिक्षक-शिक्षिकाएं पदस्थ हैं एवं 1215 छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। श्री आनंदपुर ट्रस्ट के अन्य महत्वपूर्ण सत्संग केन्द्र श्री प्रयागधाम जिला पुणे (महाराष्ट्र), श्री आनंदपुर सत्संग ट्रस्ट जम्मू, अमरधाम चैम्बूर मुम्बई (महाराष्ट्र), विवेक धाम बैंगलुरू (कर्नाटक), स्वरूप धाम पथरीताल गोंडा (उ.प्र.), आनंदधाम पंचगुणी जिला सतारा (महाराष्ट्र), आनंदधाम वसंतकुंज (दिल्ली) तथा श्री संतनगर जिला धौलपुर (राजस्थान) में संचालित है। मध्यप्रदेश में पुनीत धाम जिला शिवपुरी, परमधाम जिला ग्वालियर और सुखधाम जिला इंदौर में ट्रस्ट के सत्संग केन्द्र स्थापित हैं।

वक्फ कानून पर 16 को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

## केंद्र सरकार ने दायर की कैविएट

- सर्वोच्च अदालत की वेबसाइट पर दी गई जानकारी
- 8 अप्रैल को देश में लागू हुआ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता में सुप्रीम कोर्ट के तीन न्यायाधीशों की पीठ वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 16 अप्रैल को सुनवाई करेगी। सर्वोच्च अदालत की वेबसाइट पर इस संबंध में जानकारी दी गई है। इसमें उपलब्ध जानकारी के अनुसार जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस के.वी. विश्वनाथन भी याचिकाओं पर सुनवाई करने वाली इस पीठ में शामिल होंगे।

केंद्र सरकार ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में 'कैविएट' दायर कर मामले पर कोई भी आदेश पारित करने से पहले सुनवाई का अनुरोध किया था। 'कैविएट' किसी पक्षकार की ओर से हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में यह सुनिश्चित करने के लिए दायर की जाती है कि सुनवाई के बिना कोई आदेश पारित नहीं किया जाए। लोकसभा और राज्यसभा में वक्फ संशोधन बिल पास होने के बाद 5 अप्रैल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इसे मंजूरी दी थी। 8 अप्रैल से यह कानून पूरे देश में लागू हो गया है।

### 10 से ज्यादा याचिकाएं दायर

सुप्रीम कोर्ट का रुख करने वालों में अलग-अलग सियासी दलों के नेता, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) और जमीयत उलमा-ए-हिंद समेत विभिन्न पक्ष शामिल हैं। इस मामले में अब तक कोर्ट में 10 से ज्यादा याचिकाएं दायर की जा चुकी हैं। तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने भी वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। संभल से समाजवादी पार्टी के सांसद जिया-उर-रहमान बर्क ने भी हाल ही में इस मुद्दे पर शीर्ष अदालत में याचिका दायर की थी। एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ने ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### बंगाल में नए वक्फ कानून पर हिंसा, 22 गिरफ्तार

वक्फ संशोधन कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में 8 अप्रैल को हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने 22 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से 8 आरोपियों को आगे की जांच के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। प्रदर्शनकारियों ने 8 अप्रैल को वक्फ कानून के विरोध में कई वाहनों को आग लगा दी थी। इसमें पुलिस ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

3 साल में सिर्फ 8 की हो सकी वतन वापसी

## दुनियाभर की जेलों में 10 हजार से ज्यादा भारतीय

- 12 देशों में सौ से ज्यादा भारतीय कैदी है बंद
- भारत ने अब तक 31 देशों के साथ करार किए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसदीय कमिटी की एक रिपोर्ट के अनुवार इस समय दुनियाभर की विदेशी जेलों में कुल 10 हजार 152 भारतीय नागरिक बंद हैं, जिनमें से कई अंडर ट्रायल हैं और कई सजा काट रहे हैं। ऐसे कैदियों के ट्रांसफर को लेकर भारत ने अब तक 31 देशों के साथ द्विपक्षीय करार किए हैं, जिनके तहत विदेशी जेलों में सजा काट रहे भारतीयों को भारत लाकर यहां अपनी बाकी सजा पूरी करने की अनुमति मिलती है। लेकिन बीते तीन सालों में महज 8 भारतीय कैदियों को ही विदेशी जेलों से भारत ट्रांसफर किया गया है। ट्रांसफर ऑफ सेंटेंस्टड पर्सन अग्रीमेंट के तहत साल 2023 में पांच लोगों को भारत लाया गया, जिनमें तीन ईरान, एक कंबोडिया और एक ब्रिटेन की जेल में बंद थे। वहीं 2024 में अब तक दो भारतीय ब्रिटेन से और एक रूस से भारत लाए गए हैं।

भारत ने इन द्विपक्षीय करारों के अलावा दो अंतर्राष्ट्रीय समझौतों पर भी हस्ताक्षर किए हैं, इंटर अमेरिकन कन्वेंशन ऑन सर्विंग क्रिमिनल सेंटेंस और काउंसिल ऑफ यूरोप कन्वेंशन ऑन ट्रांसफर ऑफ सेंटेंस्ड पर्सन्स। इनके तहत यूरोप और अमेरिका के अधिकांश देश आते हैं, लेकिन एशिया, अफ्रीका और पूर्वी यूरोप के कई देशों के साथ अब भी ऐसे करार नहीं हो पाए हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि 12 ऐसे देश हैं जहां 100 से अधिक भारतीय नागरिक जेलों में बंद हैं, जिनमें सऊदी अरब (2647), यूएई (2479), नेपाल (1187), मलेशिया (371) और बहरीन (272) प्रमुख हैं। इन 12 में से 9 देशों के साथ ट्रांसफर संबंधी करार मौजूद हैं। जब समिति ने पूछा कि इन देशों से ट्रांसफर क्यों नहीं हो रहे, तो विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारतीय दूतावास लगातार संबंधित देशों और भारत के गृह मंत्रालय के संपर्क में हैं।

### गृह मंत्रालय जुटाता है जरूरी दस्तावेज

गृह मंत्रालय ही इन करारों को लागू करने वाली नोडल एजेंसी है, वह ट्रांसफर की प्रक्रिया के तहत आवश्यक दस्तावेज और अनुमतियां जुटाता है। समिति ने सिफारिश की है कि विदेश और गृह मंत्रालय मिलकर ऐसे देशों के साथ जल्द से जल्द नए करार करें या पुराने करारों को संशोधित करें, ताकि अधिक भारतीय कैदियों का ट्रांसफर संभव हो सके।

## सार समाचार

### छीपोन में अनियंत्रित ट्रक ने ग्रामीण को कुचला, मौत

**गुना, देशबन्धु।** बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम छीपोन में अपने घर जा रहे 55 वर्षीय व्यक्ति को गांव से ही गुजर रहे अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि छीपोन निवासी श्रीराम अहिरवार बुधवार रात लगभग 9 बजे गांव में किसी से मिलने गए थे, वापस लौटने के दौरान गांव में ही से गुजर रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। ग्रामीण जब तक श्रीराम अहिरवार को लेकर अस्पताल पहुंचे, उससे पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी। दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ कर रही है। वहीं गुरुवार को श्रीराम अहिरवार के शव का पोस्टमार्टम गुना जिला अस्पताल में कराने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

### महिला ने एक साथ दिया 2 बच्चों को जन्म, इलाज के दौरान मौत

**गुना जिला अस्पताल के प्रसूति वार्ड में तोड़ा दम**

**गुना, देशबन्धु।** गुना जिला अस्पताल के प्रसूति वार्ड में गुरुवार सुबह उपचार के दौरान एक महिला की मौत हो गई है। महिला ने एक दिन पहले ही पगारा स्थित स्वास्थ्य केंद्र में एक साथ दो बच्चों को जन्म दिया था। इसके बाद महिला का स्वास्थ्य खराब हो गया, इसलिए उसे गुना जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

जानकारी सामने आई है कि पगारा की रहने वाले सपना कुशवाह (24) का विवाह खैजरा निवासी विनोद कुशवाह के साथ हुआ था। सपना का पति गांव से बाहर कहीं मजदूरी करता है। प्रसव होने की संभावना को देखते हुए विनोद अपनी पत्नी सपना को उसके मायके में छोड़ गया था। बुधवार को सपना को प्रसव पीड़ा हुई तो उसकी मां पगारा स्थित स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची, जहां सामान्य प्रसव के दौरान सपना ने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया। हालांकि इसके बाद रक्तस्त्राव होने की वजह से सपना की तबीयत अचानक खराब हो गई। एहतियात के तौर पर सपना की मां ने आनन-फानन में उसे गुना जिला अस्पताल के प्रसूति वार्ड में भर्ती करा दिया। यहां गुरुवार सुबह सपना की मौत हो गई। सपना की मां को जैसे ही जानकारी मिली वे प्रसूति वार्ड के परिसर में ही बेसुध होकर रोने लगी। किसी तरह चिकित्सकों और अन्य स्टाफ ने उसे संभाला। सपना की मौत की सूचना उसके पति विनोद कुशवाह को भी तत्काल भेजी गई है।

**जल गंगा संवर्धन अभियान में शामिल मंत्री ने कूनो नदी के उद्गम स्थल पर किया भूमिपूजन**

# अब दो से तीन मंजिला होंगे पंचायत भवन : प्रहलाद पटेल

**गुना, देशबन्धु।** अब कलेक्ट्रेट और अन्य प्रशासनिक परिसर की तर्ज पर मध्यप्रदेश के पंचायत और सामुदायिक भवन भी आधुनिक बनाए जाएंगे। खासतौर पर जमीन के अभाव को देखते हुए पंचायत भवनों का निर्माण दो से तीन मंजिला तक किया जाएगा।




यह जानकारी मध्यप्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने गुरुवार को गुना में दी। पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल गुना जनपद पंचायत के ग्राम पुरैनी पहुंचे। उन्होंने पुरैनी स्थित कूनो नदी के उद्गम स्थल पर भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में ग्रामीणों से संवाद करते हुए प्रहलाद पटेल ने पौधों की सुरक्षा का महत्व बताया। उन्होंने जल स्त्रोतों के पास ऐसे पौधे लगाने की बात कही, जो जल स्त्रोतों को सुरक्षित रख सकें। पंचायत मंत्री ने कहाकि मध्यप्रदेश के पास हिमालय पर्वत नहीं है, इसलिए हमें बर्फ से नहीं बल्कि पौधों से ही पानी प्राप्त हो सकता है। पटेल ने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे उतने ही पौधे लगाएं, जितने बचा सकते हैं। प्रहलाद पटेल ने बताया कि 30 जून तक मध्यप्रदेश में चलने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वे 100 नदियों के उद्गम स्थल पर पहुंचेंगे और जल संरक्षण को बढ़ावा देंगे। मंत्री ने पुरैनी के कूनो स्थित घाट पर मिली प्रतिमाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए दावा किया कि उक्त प्रतिमाएं कम से कम 9वीं शताब्दी की है, जिन्हें संरक्षित करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रहलाद पटेल ने मध्यप्रदेश के पंचायत और सामुदायिक भवनों का डिजाइन बदलने की भी जानकारी दी। पटेल ने बताया कि आने वाले समय में जमीन की किल्लत का सामना करना पड़ सकता है, इसलिए उनका विभाग पंचायत भवनों का डिजाइन बदलकर दो और तीन मंजिला इमारत बनाने की दिशा में काम कर रहा है।

**महिलाओं को दिए पौधे, बोले लगाना जरूर :** कार्यक्रम के बाद पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल ने पुरैनी की स्थानीय निवासी कुछ महिलाओं को पौधे भी सौंपे। यह अंदाज भी लोगों को खूब पसंद आया। क्योंकि प्रहलाद पटेल ने पौधे सौंपने के दौरान महिलाओं से कहाकि वे इसे केवल घर ले जाकर न रखें बल्कि पौधों का रोपण करें और पेड़ बनने तक उनकी देखभाल करें। पौधे लेने वाली महिलाएं भी मंत्री प्रहलाद के अंदाज को देखकर प्रभावित हुईं और परिसर में ठहाके लग गए।

**...तुम यह सेटिंग वाला काम मत करो :** कूनो नदी के संबंध में बातचीत करते हुए पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल का सख्त मिजाज रवैया भी देखने को मिला। दरअसल, कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने ग्रामीणों से स्वयं पूछा कि कोई बातचीत करना चाहता है तो सामने आ जाए। इस दौरान मंच के संचालक ने स्थानीय ग्रामीण जसवंत सिंह का उल्लेख किया। यह सुनते ही मंत्री ने कहाकि तुम नाम ऐसे मत पढ़ो, यह सेटिंग वाला काम मत करो। मंत्री की बात सुनते ही परिसर में सन्नाटा पसर गया।

**90 दिन का अभियान सराहनीय :** जल गंगा संवर्धन अभियान के सिलसिले में गुना आए पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल ने कार्यक्रम की खूब प्रशंसा की। इसी के साथ पटेल ने माना कि बीते साल चलाया गया जल गंगा संवर्धन अभियान इसलिए प्रभावी नहीं हुआ था, क्योंकि उसकी शुरुआत ही जून महीने में हुई थी। लेकिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस बार इस अभियान को 90 दिन के लिए संचालित करने के निर्देश दिए है। यह सराहनीय है। इससे उद्देश्य में सफलता मिलेगी और मध्यप्रदेश के तमाम जल स्त्रोतों का जीर्णोद्वार किया जाएगा। इस मौके पर गुना विधायक पन्नालाल शाक्य, भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार, जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक दुबे आदि मौजूद रहे।

## बाइक रखने के विवाद में भांजे ने की मामा की हत्या

**गुना, देशबन्धु।** कैंट थाना क्षेत्र के दर्जी मोहल्ला में घर के सामने बाईक रखने के मामूली विवाद में एक व्यक्ति की पत्थर मारकर हत्या कर देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतक और आरोपी पक्ष दोनों आपस में नजदीकी रिश्तेदार बताए जा रहे हैं।

जानकारी सामने आई है कि बुधवार रात लगभग 10 बजे दर्जी मोहल्ला निवासी 47 वर्षीय गोविंद नामदेव की उन्हीं की बहन के बेटे ने सिर पर पत्थर मारकर हत्या कर दी। गोविंद नामदेव और आरोपी आमने-सामने रहते हैं। गोविंद के बेटे ऋषभ नामदेव के दोस्त गिरवर साहू ने अपनी मोटरसाइकिल आरोपियों के घर के सामने रख दी थी। इसी बात पर आरोपी मनोज नामदेव, विश्वास नामदेव, पियूष नामदेव ने आपत्ति जताई और मामूली विवाद मारपीट में बदल गया। झगड़े को शांत करने के लिए गोविंद नामदेव घर से आए तो पियूष नामदेव ने एक बड़ा पत्थर उठाकर उनके सिर पर मार दिया। हमला इतना घातक था कि गोविंद के सिर पर लगने के बाद पत्थर के दो टुकड़े हो गए। गोविंद को लहुलुहान हालत में देखकर आरोपी मौके से फरार हो गए हैं। इसके बाद गंभीर रूप से घायल गोविंद नामदेव को पहले जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा रेफर करने पर सबसे पहले उन्हें गुना के ही दो निजी अस्पताल में ले जाया गया, लेकिन यहां भी चिकित्सकों से उपचार करने से मना कर दिया। इसके बाद गोविंद के परिजन उन्हें भोपाल लेकर गए, जहां हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। गोविंद का शव गुरुवार सुबह गुना वापस लाया गया, जिसके बाद पुलिस ने जिला अस्पताल में उनका पोस्टमार्टम कराया और ऋषभ नामदेव की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है, जो देर रात से ही लगातार फरार बताए जा रहे हैं।

### घूमने निकले व्यक्ति का रेलवे पटरी पर मिला शव

**गुना, देशबन्धु।** गुना जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम मावन में 45 वर्षीय ग्रामीण का शव रेलवे की पटरियों पर मिला है। आशंका है कि दुर्घटनावश ट्रेन के सामने आने की वजह से ग्रामीण की मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक मावन निवासी 45 वर्षीय बबलू कुशवाह बुधवार रात लगभग 9 बजे घर से गांव में घूमने का कहकर निकले थे। काफी देर तक बबलू कुशवाह वापस नहीं आए तो उनके परिजनों ने तलाश शुरु की। इस दौरान गुरुवार सुबह 4 बजे सूचना मिली कि एक शव मावन से गुजरी रेलवे लाइन पर पड़ा हुआ है। परिजन मौके पर पहुंचे और बबलू के शव की शिनाख्त कर पुलिस को भी सूचना भेजी गई। इसके बाद कैंट पुलिस ने बबलू कुशवाह के शव को गुना जिला अस्पताल भिजवाया, जहां गुरुवार को पोस्टमार्टम किया गया है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुट गई है।

**दो महीने पहले ही हुई थी शादी, समझौते के प्रयास में आई थी विवाहिता**

## महिला ने पति-ससुर और सास पर लगाया केमिकल से जलाने का आरोप

**गुना, देशबन्धु।** शहर की फ्रें ड्स कॉलोनी निवासी एक विवाहिता ने अपने पति, ससुर और सास पर केमिकल डालकर जलाने का आरोप लगाया है। विवाहित को मामूली झुलसी हुई अवस्था में गुना जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी सामने आई है कि गुना की शिव कॉलोनी निवासी राधिका रघुवंशी का विवाह दो महीने पहले 13 फरवरी को फ्रेंड्स कॉलोनी में रहने वाले आशीष रघुवंशी के साथ हुआ था। राधिका के मुताबिक शादी के तुरंत बाद से ही ससुराल पक्ष दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहा था। पति-पत्नी में लगातार झगड़े हो रहे थे और तनाव बढ़ गया था। जिसकी वजह से राधिका के परिजन भी तनावग्रस्त रहने लगे थे। इसी बीच बुधवार को राधिका के पति आशीष ने उसे फोन कर समझौते की पेशकश की। राधिका के मुताबिक उसे लगा कि बातचीत से सब ठीक हो जाएगा, इसलिए वह गुरुवार सुबह लगभग 8 बजे अपनी ससुराल चली गई और आशीष से बातचीत करने लगी। इसी दौरान उसके ससुर और सास आकर आक्रामक हो गए और देखते ही देखते उसके ऊपर किसी तरह ज्वलनशील केमिकल डाल दिया। जिससे राधिका के शरीर के कई अंग झुलस गए। राधिका के मुताबिक उसने भागकर अपनी जान बचाई है, अन्यथा ससुराल पक्ष के लोग जान से मार सकते थे। इसके बाद राधिका को गुना जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि राधिका भोपाल में प्राइवेट जॉब करती है। एक अच्छे भविष्य की आस लेकर राधिका के पिता ने उसका विवाह किया था, लेकिन शादी के अगले ही दिन पति-पत्नी में झगड़े शुरु हो गए। इसके बाद समझौते का प्रयास भी सफल नहीं हुआ है। राधिका पहले भी अपने ससुराल पक्ष पर एफआईआर दर्ज करा चुकी है। पुलिस ने एक और केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## जयवर्धन ने विधानसभा में खोली प्रदेश सरकार की पोल

- पूरे प्रदेश की जीडीपी से दोगुना निवेश का दावा कर रही सरकार

**गुना, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाष पर चर्चा करते हुए पूर्व मंत्री और राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने मध्यप्रदेश सरकार को आईना दिखाया है। जयवर्धन ने मध्यप्रदेश में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का तथ्यामल विश्लेषण करते हुए इसे फर्जीवाड़ा करार दिया है।



सदन में अपनी बात रखते हुए जयवर्धन ने खुलासा किया कि राज्यपाल के अभिभाषण में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान 30 लाख करोड़ के करार यानी एमओयू पर हस्ताक्षर होने का दावा किया है। पूर्व मंत्री ने बताया कि यह पूरी तरह हास्यास्पद और फर्जीवाड़ा है। क्योंकि जब मध्यप्रदेश की पूरी जीडीपी 15 लाख करोड़ रुपए है। ऐसे में सरकार सकल घरेलू उत्पाद का दोगुना निवेश कराने की बात कह रही है। जबकि हकीकत यह है कि मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ने अब तक पूरे प्रदेश में कोई बड़ा औद्योगिक संयंत्र स्थापित नहीं किया है। सभी जानते हैं कि पीथमपुर, मंडीदीप, गेल-एनएफल, बीना रिफाइनरी जैसे उद्योग कांग्रेस की सरकार ने स्थापित किए हैं। जिनके इर्द-गिर्द आज भी मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था का पहिया घूम रहा है। जयवर्धन ने दावा किया कि मध्यप्रदेश की औद्योगिक रफ्तार और विकास की गति को धीमा करने में भाजपा की सरकार पूरी तरह जिम्मेदार है। फर्जी आंकड़े प्रस्तुत करने की बजाए मुख्यमंत्री मोहन यादव को यह बताना चाहिए था कि उनकी सरकार ने कितना औद्योगिक विकास किया है और अब तक कितने लोगों को रोजगार देने में सफल हुए हैं?

## नपा अध्यक्ष ने की टेकरी परिसर की साफ-सफाई, लिया जायजा

**गुना, देशबन्धु।** श्री हनुमान टेकरी मेला के नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता के नेतृत्व में नगर पालिका की टीम ने श्री हनुमान टेकरी मेला प्रांगण में स्वच्छता अभियान चला कर साफ-सफाई की।



इस दौरान भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद अरविंद गुप्ता, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेजसिंह यादव,टेकरी समिति अध्यक्ष नारायण अग्रवाल, गुलशन जुनेजा, उपयंत्री नितिन चंदेल एवं स्वच्छता स्टाफ के साथ मेला प्रांगण के मुख्य मार्गों एवं पार्क की सफाई कर कचरे का निस्तारण किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने मेले में नगर पालिका की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया एवं स्वच्छता कार्य, विद्युत व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था आदि के संबंध में पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुसार कराए गए कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने टेकरी समिति के सदस्यों के साथ श्री हनुमान प्रकट उत्सव के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो इस संबंध में चर्चा की एवं फायर स्टाफ मेले में दुकानों की व्यवस्था एवं दुकान के बीच में दूरी तथा सुरक्षा संबंधी उपाय करने की भी सलाह दुकानदारों को दी गई। नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने बताया कि मेले में लाखों श्रद्धालु आते हैं जिनमें गुना जिले के बाहर के जिलों एवं देश के कई हिस्सों से आने वाले दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए नगर पालिका द्वारा सभी आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं। नगर पालिका का एक अस्थाई कार्यालय भी यहां स्थापित किया जा रहा है जो 24 घंटे खुला रहेगा एवं जन सामान्य की समस्याओं के संबंध में भी जानकारी दी जाएगी। नगर पालिका अध्यक्ष गुप्ता ने सभी दुकानदारों एवं श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वह पॉलिथीन का उपयोग न करें, कचरा डस्टबिन में ही डालें, मंदिर परिसर में अगरबत्ती निर्धारित स्थान पर ही लगायें नारियल बताए गए स्थान पर ही तोड़े।

### भगवान महावीर के जनकल्याण पर निकली भव्य शोभायात्रा

**गुना, देशबन्धु।** सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा बुधवार को भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याण महोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर गुना सहित जिलेभर के जैन मंदिरों में विशेष धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।




भगवान के जन्म कल्याणक महोत्सव की शुरुआत बुधवार सुबह प्रभात फेरी के साथ हुई। सुबह 6 बजे मंदिरजी से प्रभात फेरी निकाली गई। इसके बाद 6.30 बजे सभी जिनालयों में अभिषेक व शांतिधारा की गई। सुबह 8 बजकर 15 मिनट पर श्रीजी की पालकी शोभायात्रा बड़े मंदिर से शुरु हुई, जो पंडाजी चौराहा, बताशा गली, निचला बाजार, सदर बाजार, जयस्तम्भ चौराहा, लक्ष्मीगंज, नई सड़क होते हुए दोबारा बड़े मंदिर पर पहुंची। जहां शांतिधारा करने के बाद पूज्य माताजी के आशीर्वचन श्रद्धालुओं द्वारा सुने गए। इस तरह दिनभर धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला जारी रहा।

**सुबह 4.15 बजे होगी मंगला आरती, 300 स्वयंसेवक संभालेंगे व्यवस्थाएं**

# पहली बार पूर्ण प्लास्टिक मुक्त होगा टेकरी मेला

*गुना, देशबन्धु। इस वर्ष भी श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 12 अप्रैल शनिवार को भव्य एवं विशाल मेले का आयोजन किया जा रहा है।*

*मेला व्यवस्थाओं को लेकर जहां एक और श्री हनुमान टेकरी मंदिर ट्रस्ट द्वारा विगत एक माह से तैयारियाँ की जा रही हैं। वहीं दूसरी ओर संपूर्ण प्रशासनिक अमले के साथ स्वयं कलेक्टर एवं एसपी मोर्चा संभाले हुए हैं। सभी संबंधित विभागों के आला अधिकारी अपनी-अपनी जवाबदारियों का कुशलता पूर्वक निर्वहन कर रहे हैं। ट्रस्ट के प्रवक्ता राजेश अग्रवाल ने बताया कि बागेश्वर धाम टीम के 300 से अधिक एवं कई अन्य सेवाभावी स्वयंसेवक पुलिस बल के साथ इस विशाल मेले की कमान संभालेंगे। ऐतिहासिक एवं परंपरागत मेले की श्रद्धालुओं एवं दूकानदारों को वर्ष भर प्रतीक्षा रहती है। सैकड़ों दूकानदार एवं लाखों श्रद्धालु दूरदराज़ से यहां पहुंचते हैं। श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर पूरे मंदिर परिसर को क्विंटलों नायाब फूलों से सजाया जा रहा है। गर्भ गृह में बालाजी के श्रृंगार के लिए आर्केड रजनीगंधा जरबेरा गुलाब एवं मोगरा एवं कई दुर्लभ फूलों से किया जा रहा है। दस दिन पूर्व से जारी विद्युत साज सज्जा श्रद्धालुओं का मन मोह लेगी। कई प्रकार के आधुनिक झूले एवं चाट चौपाटी मेले के आकर्षण का विशेष केन्द्र बिन्दु रहेगी।*

*श्री हनुमान टेकरी मंदिर ट्रस्ट के प्रवक्ता राजेश अग्रवाल द्वारा एक अधिकृत प्रेस नोट जारी कर बताया गया कि रात्रि 12.15 बजे से ही दर्शनार्थियों हेतु टेकरी धाम पर पट खोल दिए जाएंगे। मंगला आरती शुभ मुहूर्त में तड़के 4.15 बजे प्रारंभ होगी एवं शयन आरती रात्रि 11.45 बजे संपन्न होगी।*

## गांव-बस्ती चलो अभियान : भुजरिया तालाब की हुई सफाई



**गुना, देशबन्धु।** भाजपा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में देश भर में चल रहे 6 अप्रैल से 25 अप्रैल तक सेवा पखवाड़े के तहत भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार जी के नेतृत्व में जिले के सभी 21 मंडलों में सेवा कार्य आयोजित किए जा रहे है। जिसके निमित आज गुना के बूढ़े बालाजी मण्डल में स्थानीय भुजरियाँ तालाब जल स्त्रोत की सफ़ाई की और स्वच्छता अभियान चलाया व मंदिर परिसर को डस्टबिन भेंट किए। इस अभियान में शहर की प्रथम नागरिक नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, भाजपा जिला महामंत्री संतोष धाकड़, मण्डल प्रभारी देवेंद्र गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष परेश भार्गव के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद गुप्ता, सुनील मालवीय, रमेश मालवीय, कमललाल, ओमप्रकाश नरवरिया, पार्षद दिनेश कोरी, पार्षद तरुण मालवीय, और सभी मंडल के कार्यकर्ता आकाश शर्मा, सुनील शर्मा, विवेक धाकड़, कार्तिक चंदेल, गोविंद रजक, अमन नाटले, हिमांशु, आयुष भार्गव आदि कार्यकर्ताओं ने अभियान में अहम भूमिका निभाई।

## अस्पताल में खराब पड़े एसी-पंखे, घर से पंखे लाने की मजबूरी

**छतरपुर, देशबन्धु।** इन दिनों शहर का तापमान 42 डिग्री के आसपास है और जिला अस्पताल में गर्मी के कारण मरीजों की स्थिति खराब हो रही है। दरअसल अस्पताल के वार्डों में लगे पंखे और एसी खराब पड़े हैं, इस ओर प्रबंधन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा।



गर्मी से बचाव के लिए उचित इंतजाम न होने से मरीजों और उनके परिजनों में रोष है, वहीं कई परिजन अपने घरों से पंखे लाकर मरीजों की मदद कर रहे हैं। अस्पताल के बर्न वार्ड में गर्मी से हालात बेहद खराब हैं। अपनी भाभी का इलाज कराने मनिया गांव से आए रविन्द्र पटेल ने बताया गर्मी से मरीज की हालत खराब हो रही है, क्योंकि अस्पताल के पंखे और एसी खराब पड़े हैं। इसी तरह कैलाश नामदेव ने बताया उनका मरीज आग में झुलस गया था जिसका इलाज चल रहा है। भीषण गर्मी में अस्पताल के ऐसी-पंखे खराब होने के कारण वह घर से पंखा लेकर आए हैं। कुछ अन्य मरीजों के परिजनों का कहना है कि प्रबंधन की लापरवाही के कारण उन्हें खुद इंतजाम करने पड़ रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल उठ रहे हैं। इस मामले में सीएमएचओ डॉ. आरपी गुप्ता ने कहा कि वे तत्काल सिविल सर्जन को सुधार के निर्देश दे रहे हैं।

वहीं कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने कहा कि वे अस्पताल प्रबंधन से बात करेंगे और जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा।

# गरज-चमक के साथ बारिश और ओले की संभावना



**भोपाल,देशबन्धु।** अलग-अलग स्थानों पर बने पांच मौसमी सिस्टमों के असर से मौसम का मिजाज बदल गया है। इसके चलते बादल छाने लगे हैं और कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ वर्षा भी हो रही है। इनसे लू से राहत मिल गई है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, शुक्रवार को ग्वालियर, चंबल, सागर, रीवा, जबलपुर, शहडोल एवं नर्मदापुरम संभाग के जिलों में गरज-चमक के साथ वर्षा हो सकती है। इस दौरान जबलपुर में ओले गिरने के भी आसार हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान गुरुवार सुबह साढ़े आठ बजे तक सौंसर में 26.1, बैहर में 14, छिंदवाड़ा में 12.6, मलाजखंड में 9.8, कुरई में 7.6, लांजी में 7.0, परसवाड़ा में 2.5, बिछिया में 1.3, बैतूल में एक मिलीमीटर वर्षा हुई। पांढुर्ना, सिवनी एवं बालाघाट में ओले गिरे। इंदौर, खंडवा, सतना, उमरिया, दमोह, नर्मदापुरम में रात्रि गर्म रही। ग्वालियर में तीव्र गर्म रात्रि रही।

मौसम विज्ञानी वीएस यादव ने बताया कि वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान के आसपास द्रोणिका के रूप में बना हुआ है। पंजाब पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना है। दक्षिणी पाकिस्तान और उससे लगे दक्षिण-पश्चिम राजस्थान पर हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात मौजूद है, जिसके चलते शुक्रवार से अधिकतम तापमान में और भी गिरावट होने के आसार हैं। अगले तीन दिन में अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री तक की गिरावट हो सकती है।

### पर्सनल लॉ बोर्ड ने धरना देकर जताया विरोध

# वक्फ बिल में थोपे जा रहे संशोधन जम्हूरियत की मूल भावना के खिलाफः हारून




**भोपाल,देशबन्धु।** मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने वक्फ संशोधन बिल के विरोध में गुरुवार को सेंट्रल लाइब्रेरी ग्राउंड पर धरना-प्रदर्शन किया। बोर्ड के बैनर तले सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समाज जन धरना स्थल पर एकत्रित हुए। शाम करीब 4 बजे यह धरना-प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से पूरा हुआ।

धरना स्थल पर समाजजनों को संबोधित करते हुए जमियत-ए-उलेमा के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद हारून ने कहा कि ये संशोधन देश के एक बड़े समुदाय के हितों को नजरअंदाज करते हुए जबरन थोपे जा रहे हैं, जो भारत जैसे लोकतांत्रिक देश की मूल भावना के खिलाफ है। हारून ने कहा, हमें इस संशोधन में सिर्फ बुराइयां ही नजर आ रही हैं। भारत एक जमहूरी (लोकतांत्रिक) मुल्क है, यहां किसी पर कुछ थोपा नहीं जाता। अंग्रेजों के जमाने में भी कानून बनाने से पहले मशविरा किया जाता था, लेकिन आज बिना किसी सलाह के इतने महत्वपूर्ण बदलाव किए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वक्फ संपत्तियों को लेकर गलत धारणाएं फैलाई जा रही हैं। यह एक बड़ा भ्रम फैलाया जा रहा है कि अगर वक्फ बोर्ड किसी संपत्ति पर दावा करता है, तो वह खुद-ब-खुद उसकी हो जाती है, जबकि हकीकत यह है कि वक्फ बोर्ड ने कभी भी किसी संपत्ति पर अपने आप अधिकार नहीं जताया। दरअसल, यह तो सरकारी विभाग ही हैं जो ऐसी संपत्तियों पर दावा करते हैं। इसके अलावा, उन्होंने धार्मिक स्थलों के साथ हो रहे भेदभाव पर भी चिंता जताई। उन्होंने सवाल उठाया कि देश में कोई ऐसा मंदिर नहीं है जहां पूजा न होती हो, लेकिन कई मस्जिदों में आर्कियोलाजिकल सर्वे या अन्य बहानों से नमाज पढ़ने से रोका जाता है। हारून ने भारत सरकार से मांग की कि वक्फ एक्ट के संशोधनों पर पुनर्विचार किया जाए और मुस्लिम समुदाय की भावनाओं को ठेस न पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि इतनी बड़ी समाज को नाराज़ न किया जाए।

वहीं ऑल इंडिया पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य और कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने कहा कि बोर्ड का हर फैसला सोच-समझकर होता है। अल्लाह की मदद हमारे साथ है। बोर्ड का फैसला देर से होता है, लेकिन सही होता है। शाहबानो केस में भी जो फैसला लिया गया था, वो सटीक साबित हुआ है। आज एक बार फिर बोर्ड फैसला ले रहा है, और यकीन मानिए, अल्लाह की मदद हमारे साथ है। आरिफ मसूद ने कहा कि बोर्ड की स्थापना उस समय हुई थी जब देश में अफरा-तफरी का माहौल था। हमारे बहुत से गैर-मुस्लिम भाइयों को और यहां तक कि हमारे अपने लोगों को भी बरगलाया जा रहा है कि बोर्ड की वक्फ जमीन कब्जेदारों से लेकर गरीबों को दी जाएगी। अगर वाकई बिल में यह लिखा हो कि कब्जेदारों से जमीन लेकर गरीबों को दी जाएगी, तो मैं खुद आपकी पहल की हिमायत करूंगा। यह वक्फ की जागीर नवाबों, राजाओं या बादशाहों की नहीं है, और न ही जागीरदारों की है। यह जमीनें उन लोगों ने वक्फ के नाम की हैं जिन्हें अल्लाह ने हिदायत दी। जिन्होंने अल्लाह के रास्ते में अपनी संपत्ति दी। आजादी से लेकर आज तक की तारीख में कई वक्फ जमीन खसरों में दर्ज है। हम ट्रिब्यूनल से जीत चुके हैं और उच्च न्यायालय से भी जीतेंगे।

गौरतलब है कि लोकसभा और राज्यसभा में वक्फ संशोधन बिल को पास करने के बाद राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई। इसके बाद इसे लागू कर दिया गया। भोपाल में प्रदर्शन को लेकर आरिफ मसूद ने पहले ही वीडियो जारी कर स्पष्ट कर दिया था कि 2 घंटे का प्रदर्शन होगा। इसमें कोई झंडा, बैनर लगाने की मनाही है। न ही कोई रैली निकाली जाएगी।

# महिला ने छत से कूदकर की खुदकुशी

### प्रेम विवाह के बाद पति से हुई थी अलग

### बहनों के सामने ही लगाई छलांग

**भोपाल,देशबन्धु।** ईटखेड़ी इलाके में महिला ने अपने घर की छत से छलांग लगा दी। इससे उसकी मौत हो गई। बताया गया है कि महिला ने तीन साल पहले प्रेम विवाह किया था। लेकिन कुछ ही समय बाद ही पति से अलग हो गई थी। इससे तनाव में रहने लगी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

ईटखेड़ी थाना प्रभारी दुर्जन सिंह ने बताया कि 33 वर्षीय रानी सिकरवार पति रवि गौर ईटखेड़ी इलाके के एक गांव में रहती थी। बुधवार रात करीब 2 बजे उसके छत से गिरने की सूचना मिली थी। परिजनों द्वारा इलाज के लिए उसे अस्पताल ले जाया गया था, जहां पर गुरुवार सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। साथ ही मर्ग दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि रानी ने तीन साल पहले प्रेम विवाह किया था। लेकिन कुछ समय बाद में वह अपने पति से अलग होकर मायके में रहने लगी थी। मायके में रहने के दौरान ही उसकी एक युवक से दोस्ती हो गई थी। बुधवार रात उसकी बहनों ने देखा तो वह बिस्तर में नहीं थीं। बहनें उसकी तलाश करते हुए छत पर पहुंची तो वहां पर उन्होंने देखा कि रानी किसी से मोबाइल फोन पर बात कर रही है। फोन पर जिस भी व्यक्ति से बात हो रही थी, उससे रानी का झगड़ा हो रहा था। बहनें कुछ समझ पातीं इसके पहले ही रानी ने दूसरी मंजिल स्थित छत से छलांग लगा दी और नीचे गिरने के कारण वह गंभीर रुप से घायल हो गई। उसके छलांग लगाने के कुछ देर बाद ही वह युवक भी मौके पर पहुंच गया, जिससे वह बात कर रही थी। युवक और रानी के परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां पर गुरुवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। रानी के परिजनों शिकायत के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। लेकिन प्रकरण दर्ज होने की भनक लगते ही आरोपी युवक फरार हो गया।

# रेलवे पटरी किनारे झाड़ियों में लगी आग से सैकड़ों पौधे झुलसे

### सौ फीट दूर खड़ी थी ट्रेन, दमकलों ने काबू पाया



**भोपाल,देशबन्धु।** राजधानी भोपाल के एमपी नगर जोन-2 में गुरुवार दोपहर में रेल पटरी किनारे झाड़ियों में आग लग गई। जिसे दमकलों की मदद से बुझाया जा सका। खास बात यह है कि जिस जगह आग लगी, उससे करीब सौ फीट की दूरी पर ही ट्रेन खड़ी थी। ऐसे में यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो बड़ी घटना हो सकती थी। हालांकि

आग लगने की वजह से पटरी किनारे सैकड़ों पौधे झुलस गए। कई पेड़ तो पूरी तरह से जल गए। आग लगने की वजह सामने नहीं आई है, लेकिन कोई जलती हुई वस्तु फेंकने से आग लगने की संभावना जताई जा रही है। उल्लेखनीय है कि शहर के गौतम नगर, रचना नगर से गुजरा यह मैन रेलवे ट्रैक है। पिछले साल भी यहां पर आग लगी थी इसके बाद पिछले साल ही रेलवे ने रेल पटरी और गौतम नगर के मुख्य मार्ग किनारे चारदीवारी बनवाई थी। इधर, दाना पानी इलाके में भी आग लगने की सूचना पर दमकल मौके पर पहुंची। यहां ट्रांसफॉर्मर में आग लगी थी।

# हॉकर्स कॉर्नर में प्रशिक्षण तथा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**भोपाल,देशबन्धु।** कलेक्टर भोपाल कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर स्ट्रीट फूड वेंडर्स को स्वच्छ परिस्थितियों में गुणवत्तापूर्ण भोजन का निर्माण से संबंधित प्रावधानों की जानकारी प्रदान करने के लिए प्रशिक्षण तथा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार दुबे ने बताया कि गुरुवार को शिवाजी नगर स्थित हॉकर्स कार्नर में खाद्य कारोबारकर्ताओं को मोनो सोडियम ग्लूटामेट (व्यवसायिक नाम अजीनोमोटो), विनेगर, कृत्रिम फ्लेवर्स एवं कृत्रिम रंगों का उपयोग सीमित तथा निर्धारित सीमा के भीतर करने, समोसे कचौड़ी तलने के लिये तेल का तीन बार से अधिक उपयोग नहीं करने, स्वच्छ कपड़े (ग्लव्स, एप्रिन) का उपयोग करने आदि निर्देश दिए गए। कलेक्टर के निर्देशानुसार कॉलेज, विद्यालयों में भी खाद्य सुरक्षा संबंधी जागरूकता के लिए प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन किया जाना है।

### होटल-ढाबों पर आबकारी अमले की दबिश

# ग्राहकों को परोसी जा रही थी शराब, 33 प्रकरण बनाए



**भोपाल,देशबन्धु।** भोपाल के होटल और ढाबों पर गुरुवार रात में आबकारी अमले ने दबिश दी। यहां पर ग्राहकों को शराब परोसी जा रही थी। विभाग ने कुल 33 प्रकरण बनाए।

सहायक आबकारी आयुक्त वीरेंद्र धाकड़ के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग की तीन टीमों ने यह कार्रवाई की। जिला कंट्रोलर एचएस गोयल ने बताया कि रात में कोलार, नीलबड़, रातीबड़ क्षेत्र के नटखट रेस्टोरेंट, ट्री चैप्टर समेत कई प्रतिष्ठानों पर दबिश दी गई। इस दौरान 33 प्रकरण दर्ज किए गए। अवैध शराब सेवन और बिक्री पर यह कार्रवाई की गई, जो आगे भी जारी रहेगी। जिला कंट्रोलर गोयल ने बताया, कलखेड़ा से 25 पाव देशी शराब जब्त की गई। वहीं, रातीबड़ स्थित गुरु होटल से महंगी शराब और बीयर की पेटियां जब्त की। संचालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया।

# प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के कार्यान्वयन में बैंक ऑफ इंडिया की भूमिका

**भोपाल,देशबन्धु।** प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) ने 10 वर्ष पूर्ण किया है। यह योजना भारत में एमएसएमई वित्तपोषण परिदृश्य को बदलने में सहायक रही है। पिछले एक दशक में, पीएमएमवाई ने सूक्ष्म उद्यमों हेतु ऋण तक पहुँच के विषय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। योजना की स्तरीय संरचना - शिशु, किशोर और तरुण - ने बैंक को उद्यमियों के लिए किफायती, संपाश्विक-मुक्त ऋण संवितरित करने में सक्षम बनाया है।

पीएमएमवाई ने सूक्ष्म उद्यम क्षेत्र में हमारे बैंक की पहुंच का काफी विस्तार किया है। योजना के पहले पांच वर्षों के दौरान, हमने इस योजना के तहत 11,59,636 उधारकर्ताओं को कुल रु. 18,923 करोड़ की ऋण सुविधाएं संवितरित की हैं। 10 वर्षों की अवधि के दौरान संचयी संवितरण 43,65,580 उधारकर्ताओं को रु. 71,364 करोड़ है, अर्थात मात्रा के साथ-साथ मूल्य के संदर्भ में लगभग 300 फीसदी की वृद्धि। इस योजना के तहत महिला उद्यमियों को प्राप्त होने वाली ऋण सुविधाएं 25 फीसदी से अधिक है। 2024 के केंद्रीय बजट के दौरान घोषित तरुण प्लस श्रेणी के तहत ऋण सीमा को हाल ही में बढ़ाकर रु. 20 लाख कर दिया गया है, जिससे बैंक विकास क्षमता वाले थोड़े बड़े सूक्ष्म उद्यमों को सहयोग देने में सक्षम होगा।

देश की अर्थव्यवस्था और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि में योगदान देने के अतिरिक्त, इस यात्रा ने उद्यमिता हेतु सक्षम बनाया है साथ ही नए रोजगार भी सृजित किए हैं। बैंक ने इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम, जीईसीएल के माध्यम से अतिरिक्त ऋण को संस्वीकृत कर कोविड-19 महामारी के दौरान हमारे पीएमएमवाई उधारकर्ताओं की सहायता की है। जीईसीएल प्रदान करके, बैंक ने यह सुनिश्चित किया कि हमारे पीएमएमवाई उधारकर्ता तरलता की कमी से उबर सकें और अपनी आजीविका बनाए रख सकें। जीईसीएल के माध्यम से समय पर सहायता मिलने से 60 फीसदी से अधिक पीएमएमवाई खाते एनपीए होने से बच गए। बैंक ने मुद्रा ऋण आवेदकों के लिए एंड-टू-एंड डिजिटल यात्रा शुरू की है। ऋण की पूरी यात्रा अर्थात आवेदन से लेकर संस्वीकृति और संवितरण तक ऑनलाइन माध्यम से पूरी की जाती है। बैंक इस योजना के तहत उधारकर्ताओं को मुद्रा कार्ड भी जारी कर रहा है। जैसा कि बैंक ऑफ इंडिया पीएमएमवाई के शुभारंभ की 10 वीं वर्षगांठ मना रहा है, बैंक ऑफ इंडिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, इनडोर और आउटडोर विज्ञापनों के बैनर, स्टैंडीज़ और शाखाओं में डिजिटल डिस्प्ले आदि के माध्यम से पीएमएमवाई को व्यापक प्रचार-प्रसार देने हेतु बहुआयामी अभियान शुरू किया हैं।

In The Court Of I Civil Judge, Senior Division and Chief Judicial Magistrate, District Court, Betul
Presiding Officer: श्रीमती संगीता भारती राठौर
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MIC SUC/0000010/2025)
राजेश भुसुमकर........................................................ आवेदक
Vs
श्रीमान मुख्य महाप्रबंधक महोदय........................................... अनावेदक
Process Id-/2663/2025
पेशी दिनांक :- **15.05.2025**

प्रेषिती-
(1) सर्वसाधारण पता- बैतूल
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश भुसुमकर पिता स्व. भागाराम ने मृतक. स्व. भागाराम पिता धरम भुसुमकर निवासी पुत्तीढाना पोष्ट देहरी आमढाना तहसील घोडाडोंगरी जिला बैतूल की........ राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक **15 May 2025** को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक **15 May 2025** को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 07 April 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया है

सील
**श्रीमती संगीता भारती राठौर**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड बैतूल जिला बैतूल म.प्र.**

**कृपया ध्यान दें**-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

# कोलांस नदी पर हो घाट निर्माण, वृक्षारोपण से करें सौंदर्यीकरणः सीईओ



**भोपाल,देशबन्धु।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन यंत्री (सीईओ) श्रीमती इला तिवारी ने फंदा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायतों के निरीक्षण के दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत किये जा रहे कार्यो के साथ निर्माणाधीन पंचायत भवन, प्रधानमंत्री आवास अधोसंरचना के शेड निर्माण कार्यो का जायजा लिया। इस दौरान ग्राम पंचायत, ईटखेडी छाप में कोलांस नदी के निरीक्षण कर नदी पर घाट निर्माण, गेवियन संरचना के निर्माण के साथ-साथ साफ-सफाई व वृक्षारोपण के माध्यम से नदी के सौंदर्यीकरण किये जाने के सम्बन्ध में सम्बन्धितों को निर्देशित किया।

सीईओ श्रीमती तिवारी ने सबसे पहले ग्राम पंचायत कलखेडा पहुंच कर नव निर्मित पंचायत भवन के कार्य का निरीक्षण किया गांव में प्रगतिरत आवासों का काम मौके पर देख कर उन्हें समय-सीमा में पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया। तत्पश्चात ग्राम पंचायत, ईटखेडी छाप पहुंच कर गांव में चल रहे प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। गांव में चल रहे वृक्षारोपण कार्य, गेवियन संरचना, शेड निर्माण, श्मशान घाट आदि के कार्यो को लेकर सम्बन्धितों स्पष्ट रूप से कार्यो को गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में संपादित करने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान एसीईओ शंकर पांसे, सहायक यंत्री, उपयंत्री सहित सचिव एवं रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

### लापरवाही करने पर सचिव निलंबित

सीईओ श्रीमती तिवारी द्वारा गत 24 मार्च को ग्राम पंचायत भानपुर केकडिया के निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजनांतर्गत किये जा रहे आंगनबाडी भवन निर्माण, खेल मैदान, प्रायमरी व मीडिल स्कूल के लिए कांक्रीट निर्माण के कार्य में लापरवाही बरतने एवं समय-सीमा में उक्त कार्यो को पूर्ण नही करने पर पंचायत सचिव अनार सिंह को निलंबित कर दिया है।

# हेनीमेन जयंती पर कार्यक्रम आयोजित



**भोपाल,देशबन्धु।** होमोपैथी के जनक डॉ हैनिमैन की जयंती के अवसर पर आज हैनिमैन एकेडमी ऑफ वाइटल साइंस एंड ह्मेनिटीज द्वारा कल्पना नगर स्थित कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता और समाजसेवी जीके छिब्बर ने कहा की होमिपेथी के इलाज पर लोगो का विश्वास बड़ा है ओर इस विधा पर नए अनुसंधान भी हो रहे है। इसमें हेब्स संस्था भी सक्रिय है। इस संस्था द्वारा निशुल्क जांच शिवीर भी लगाए जा रहे है। कोविड के समय भी होमिपेथी ने कई मरीजों को स्वस्थ कर अपनी उपयोगिता सिद्ध की है। इस अवसर पर डॉ ललित जैन, डॉ पी एस श्रीवास्तव ने भी विचार प्रगट किए निशीकांत पाटिल एवम् एम के ओरैया एवम् अन्य नागरिक भी उपस्थित थे।

**कार्यालय नगर पालिक निगम सागर**

क्र. /नामा.शा./न.नि./2024-25/01 सागर दिनांक 07.04.2025

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सागर सीमान्तार्गत नीचे दिए गए भवन/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन प्राप्त हुए है। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी लिखित आपत्ति सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के अंदर आयुक्त नगर पालिक निगम सागर के नाम से प्रस्तुत कर सकते है।

| क्र. | प्र.क्र. | वार्ड का नाम भवन/प्लाट | किस आधार पर | नाम बेचवार/वसीयतनामा/ दाानदाता/वंशानुक्रम | जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2001/ 24-25 | अम्बेडकर | रजि. बैनामा, शपथपत्र | मदनलाल, लखनलाल, उमाशंकर पिता बद्रीप्रसाद सोनी | राजेश पिता बंशीलाल प्रजापति |
| 2 | 2002/ 24-25 | अम्बेडकर | रजि. बैनामा, शपथ पत्र | अतुलभाई पिता उमाशंकर पंडया | भूपेन्द्र पिता राजेन्द्र जाट |
| 3 | 2003/ 24-25 | लक्ष्मीपुरा | रजि. बैनामा, शपथ पत्र | सुरेशचंद पिता स्व. मंगल प्रसाद जैन | श्री गणेश वर्णी दिगम्बर जैन शिक्षण संस्था ट्रस्ट मोराजी लक्ष्मीपुरा वार्ड सागर द्वारा मंत्री डॉ. कांतकुमार पिता भागचंद जैन |
| 4 | 2004/ 24-25 | बाघराज | रजि. बैनामा, शपथ पत्र | आरती पति सौरभ सोनी | सीमा पति निक्की एवं रोशनी पति संतोष केशरवानी |
| 5 | 2005/ 24-15 | तिली | रजि. बैनामा, शथप पत्र | अशोक पिता भगवानदास, सुनीता पति नारायण प्रसाद, रेखा पति रविशंकर, वबीता पति विजय कुमार, रानू पति स्व. भूपत एवं सावित्री पति भगवानदास रैकवार | शुभम, सत्यम, हिमांशु, पिता रघुवीर खटीक |
| 6 | 2006/ 24-25 | राजीव नगर | रजि. बैनामा, शपथ पत्र | योगेश पिता प्रभुदयाल बिल्थरिया | मोह.उस्मान, मोह. अजमेरी, मोह. शफीक पिता मोहम्मद सुबराती राईन |
| 7 | 2007/ 24-25 | मोहन नगर | रजि. हकत्याग शपथ पत्र | संतोष, श्रीराम, संजय पिता विश्वनाथ सोनी | सरोज पति विश्वनाथ एवं संदीप पिता विश्वनाथ सोनी |
| 8 | 2008/ 24-25 | पंतनगर | रजि. बैनामा, शथप पत्र | करुणा पति श्रीकांत तिवारी | अनु फौजदार पुत्री रामप्रताप फौजदार |
| 9 | 2009/ 24-25 | अम्बेडकर | रजि. बैनामा, शपथ पत्र | नेहा पति शैलेन्द्र जैन | राजेश पिता जगदीश प्रसाद सोनी |
| 10 | 2010/ 24-25 | पंतनगर | रजि. बैनामा, शपथ पत्र | अनिल पिता शिखरचंद, समता पति अनिल जैन | बबली पति रामाधार मिश्रा |

**कृते -आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, सागर**

देशबन्धु

भोपाल, शुक्रवार 11 अप्रैल 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## टैरिफ़ वॉर ठहरा है, स्थगित नहीं हुआ

एक अप्रत्याशित फैसले के तहत अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दुनिया भर के देशों के खिलाफ़ छेड़ा गया टैरिफ़ युद्ध 90 दिनों के लिये रोक लिया है। हालांकि उन्होंने अपनी मंशा साफ कर दी है कि वे 'रेसिप्रोकल टैरिफ़' के अपने फैसले पर अड़िग हैं। 75 देश ऐसे हैं जो ट्रम्प के इस व्यवसायिक युद्ध विराम से कुछ राहत तो पायेंगे लेकिन उनकी यह आशंका अभी खत्म नहीं हुई है कि 90 दिनों के बाद जब बढ़ी हुई दरें लागू होंगी तो उनके कारोबार का क्या होगा। साथ ही, अपने मुख्य प्रतिस्पर्धी चीन को राहत देने की बजाय उसकी सामग्रियों पर 125 प्रतिशत टैरिफ़ लागू करने का ऐलान कर साफ कर दिया है कि वह अपने वैचारिक प्रतिद्वंद्वी के साथ कारोबार के मोर्चे पर बड़ी लड़ाई से पीछे नहीं हट रहे हैं। हालांकि चीन भी अमेरिकी सामानों पर शुल्क बढ़ाकर माकूल जवाब दे रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति के इस ऐलान के साथ ही एशियाई समेत दुनिया भर के शेयर बाजारों में बड़ा उछाल आया। अमेरिकी शेयर मार्केट ने तो सबसे बड़ी छलांग लगाई जो ट्रम्प के ऐलान के बाद नीचे चला गया था। ट्रम्प ने यह निर्णय अपने सहयोगियों की सलाह पर लिया जो भारतीय समयानुसार बहुत सुबह हुआ था। यह भी कहा जाता है कि टैरिफ़ बढ़ाने की घोषणा से अमेरिका समेत विश्व भर के शेयरों में जो गिरावट आई और निवेशकों की राशि डूबी थी, (तकरीबन 19 लाख करोड़ रुपये), उससे अमेरिका में ही चिंता की लहर दौड़ गयी थी। अमेरिका के सभी 50 राज्यों में जो ट्रम्प विरोधी प्रदर्शन हुए, उसका प्रमुख कारण बढ़ाया गया टैरिफ़ ही था। ट्रम्प व रिपब्लिकन सरकार की लोकप्रियता इसके कारण देश में तो गिरी ही, अंतरराष्ट्रीय पटल पर भी उसकी आलोचना हो रही है। अमेरिकियों का मानना है कि इससे अमेरिका दुनिया भर में अपने सहयोगियों के साथ साख भी खो रहा है।

चाहे यह फैसला कुछ दिनों के लिये आगे बढ़ा हो पर ट्रम्प इसे लेकर जिस कदर उत्साहित हैं उससे लगता नहीं कि वे यह कदम वापस लेंगे। अपने पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच उन्होंने जो भाषण दिया उसमें लोकतांत्रिक ढंग से निर्वाचित राष्ट्राध्यक्ष की बजाय किसी तानाशाह की सी ध्वनि निकलती है। पहले तो उन्होंने कहा कि 'इस ऐलान के बाद अमेरिका में इतना पैसा आ रहा है जितना पहले कभी नहीं देखा गया।' वास्तविकता तो यह है कि अभी इस फैसले पर ठीक से अमल शुरू भी नहीं हुआ है पर अमेरिकी नागरिकों में चिंता है कि बहुत सी वस्तुएं उन्हें महंगी मिलेंगी, खासकर जिनके लिये अमेरिका पूरी तरह से आयात पर निर्भर है। इतना ही नहीं, ट्रम्प ने निर्लज्जतापूर्वक एक ऐसी गर्वोक्ति की जो कि शर्मनाक व असंसदीय है; जिसे न उद्धृत किया जा सकता है और न ही अभिव्यक्त। अमेरिकी शब्दावली में कहे गये उनके बयान का आशय यह था कि दुनिया एक तरह से उनके कदमों में आ गयी है।

90 दिन टलने के कारण जो उछाल आया वही बताने के लिये काफी है कि ट्रम्प का टैरिफ़ वॉर किस कदर से शेयर बाजारों पर कहर बनकर टूटा है, तभी तो वह कदम, चाहे कुछ ही दिनों के लिये टालते ही शेयर बाजारों की सांसें लौट आईं। खुद अमेरिकी बाजारों का झूम उठना बताता है कि राष्ट्रपति का यह फैसला अमेरिकी निवेशक भी नहीं झेल पायेंगे। इसके साथ यह भी साफ हो गया है कि 1991 में अमेरिका प्रवर्तित वैश्विक अर्थव्यवस्था की ट्रम्प रत्ती भर परवाह नहीं करते। वैसे भी 'अमेरिकी फर्स्ट' के नारे पर जीतकर दूसरी बार जीतने वाले ट्रम्प के इस कदम से 3 माह दुनिया का व्यवसाय ऊहापोह में रहेगा। अलबत्ता, ट्रम्प के खासमखास मस्क को इस उछाल से बड़ा लाभ मिलने की सूचना है। एक वीडियो सामने आया है जिसमें ट्रम्प बता रहे हैं कि उनके इस कदम से उनके कुछ मित्रों को कितना लाभ मिला है।

वैसे जिस चीन को सबक सिखाने के नाम पर ट्रम्प ने इतना बड़ा प्रपंच रचा और सारी दुनिया को लपेटे में लिया है, वह चीन बिलकुल निश्चिंत है। अपने कुल उत्पादन का लगभग 70 फीसदी वह निर्यात करता है–वह भी अपनी जनता की ज़रूरतें पूरी करने के बाद। चीन अमेरिकी वस्तुओं पर उतना निर्भर नहीं जितना कि अमेरिका चीन पर। उसे यदि अमेरिकी बाजार महंगे लगेंगे तो वह अपना उत्पादन दूसरे देशों में उतार सकता है। चीन अपने सस्ते उत्पादनों, शानदार लॉजिस्टिक्स और तेज़ डिलीवरी के चलते किसी भी देश का मुकाबला करता है। बहुत से एशियाई, अफ्रीकी और लैटिन अमेरिकी देश महंगी अमेरिकी वस्तुओं की बजाय सस्ती चीनी सामग्रियों को पसंद कर सकते हैं। ट्रम्प का टैरिफ़ वॉर बहुत से देशों के लिये विनाशकारी हो सकता है लेकिन चीन का इससे बेपरवाह होना लाजिमी है। बहुत से विशेषज्ञों का तो यह भी मानना है कि यह अमेरिकी दांव चीन के लिये वरदान साबित हो सकता है। विशेषकर, मैन्युफैक्चरिंग, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, छोटे-कल पुर्जों से बड़ी मशीनों आदि के लिये उसे नये बाजार मिल सकते हैं।

सम्भवत: इससे यह बात साबित हो सकती है कि कोई भी अदूरदर्शितापूर्ण फैसला लेने के जो नुकसान होते हैं वे वापस लेने या कुछ दिन टाल देने से और भी विनाशकारी साबित होते हैं। देखना होगा कि तीन माह बाद जब ट्रम्प-टैरिफ़ लागू होते हैं तो उसका असर कितना और किन देशों पर पड़ता है। सम्भवत: ज्यादातर देश इससे निपटने की तैयारियां कर लें। भारत को भी यही करना होगा। यदि सरकार सोचती है कि ट्रम्प से दोस्ती का वास्ता देकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कोई रियायत हासिल कर लेंगे तो वे खुशफहमी में हैं क्योंकि विदेश मंत्री एस. जयशंकर कह रहे हैं कि 'इससे भारत को होने वाले नुकसान का अभी अंदाजा लगाना मुश्किल है लेकिन उम्मीद है कि नहीं होगा।' गुरुवार को महावीर जयंती के कारण शेयर बाजार बन्द था इसलिये तेजी का लाभ उसे नहीं मिला। देखना होगा कि शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार का मूड क्या रहेगा।

# मोदी के दावों और नीति पर सवाल करते पीयूष गोयल

वाणिज्य और उद्योमंत्री पीयूष गोयल के भाषण के बाद उपजे बवाल को समझने के लिए शहरों में डिलीवरी सर्विसेस पर एक निगाह डालना ज़रूरी है। कुछ समय से जयपुर के कुछ हिस्सों में रहने वाले खुद को ऐसे नागरिक के रूप में देख रहे हैं जिनके क़दमों में हर चीज़ बस आठ से बीस मिनटों में हाज़िर रहने के लिए आतुर है। 'हुकुम करो आका' की तर्ज़ पर ये डिलीवरी बॉयज़ दौड़ते रहते हैं और हर ज़रूरत का सामान पहुंचा देते हैं। 43 डिग्री की तपती दोपहरी में सड़कों पर कोई नहीं हैं पर ये हैं। भारत के कई शहर यूं ही दौड़ रहे हैं। इस चाल में महामारी कोविड ने जान फूंकी थी लेकिन अब जो हो रहा है इसमें कीमतें बहुत कम हैं और कई बड़े प्लेयर मैदान में उतर आए हैं। केवल आठ मिनट में ज़रूरी सामान पहुंचाने की होड़ तो दो सालों से है लेकिन अब तो पूरा का पूरा राशन, उसे पकाने के लिए स्टोव, कुकर और इलेक्ट्रॉनिक सामान भी जल्दी पहुंचाने की ज़िद में है। जिनके पास धन है, वे फ़ोन में बंद जिन्न को आदेश देते हैं और वह चुटकी बजाते सब हाज़िर कर देता है। सैकड़ों स्टार्टअप्स इन अमीरों की ज़रूरतों को पूरा करने में लगे हुए हैं। ऐसा लगता है जैसे चंद शहरी अमीरों की चाकरी में बड़ी तादाद में ग़रीब लग गए हैं क्योंकि भारत की आबादी में चंद अमीर भी ऑस्ट्रेलिया-न्यूज़ीलैंड की कुल आबादी के बराबर हैं। ऐसा पहले भी था, पर अब तो पढ़ा-लिखा युवा बेरोज़गार पूरी तरह इस कार्यबल के दलदल में खींचा जा चुका है। उसके पास कोई और काम नहीं, पूंजी नहीं। पहले-पहल तो थोड़े बढ़े दाम में किराना, फल-सब्जियां आदि घरों तक पहुंच रही थीं जिससे छोटे पंसारी, सब्जियों के ठेले वालों पर कुछ ख़ास असर नहीं डाला था, लेकिन अब तो ऐसे बड़े खिलाड़ी धंधे में कूद पड़े हैं जो अधिकांश सब्ज़ियां 36 रुपए किलो में दे रहे हैं और उस पर 399 रुपए के सामान पर एक किलो चीनी भी मुफ्त। जो पहले से मौजूद थे वे अब पचास से सौ रुपए कैश का लालच ग्राहकों को दे रहे हैं फिर चाहे कुल ख़रीद केवल दो सौ रुपए हो। इस गलाकाट प्रतिस्पर्धा के केंद्र में वह डिलीवरी बॉय है जो कभी युवा बेरोज़गार था और अब सस्ता मजदूर है। वही सड़कों पर दिन-रात दौड़ कर मुनाफ़े और ज़रूरत के बीच की ज़रूरी कड़ी बना हुआ है और वही सबसे कमज़ोर भी है।

एक डिलीवरी बॉय के साथ संवाद शायद उसकी तकलीफ़ को बयान कर सके–

–आपको आपका काम कैसा लगता है ?

00 मजबूरी है, इसलिए कर रहे हैं।

–पढ़ाई कहां तक की है?

00 इसी साल ग्रेजुएशन किया है।

–कितनी पगार है?

00 पगार कहां? नौ घंटे के छह सौ रुपए मिलते हैं। उसमें भी 200 रुपए का तो तेल जल जाता है, बाइक भी खुद की है। उसकी सर्विसिंग भी हमें ही करवानी पड़ती है। फ़ोन खुद का हो तो ही काम मिलता है। बहुत कम समय में ज़्यादा डिलीवरी देने का दबाव होता है।'

लड़के का स्वर निराशा में डूबने लगता है। तब क्या भारत के स्टार्टअप प्रोजेक्ट्स की दुनिया इसी में सिमट गई है कि अमीर को चिप्स और ठंडी-ठंडी आइसक्रीम खिलाने के लिए ग़रीब युवा भरी गर्मी में सड़कों पर दौड़ता रहे। शायद इसी तस्वीर को समझते हुए और भारत के तमाम स्टार्टअप्स को इसी तरफ़ मुड़ते देख भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कह दिया है कि 'भारत में सिर्फ फूड डिलीवरी, इंस्टेंट ग्रॉसरी डिलीवरी या बेटिंग-गेमिंग के स्टार्टअप्स बन रहे हैं, जबकि चीन में एआई और ईवी के स्टार्टअप्स बन रहे हैं।' मंत्री ने उद्योगपतियों का नाम लेकर उन्हें आड़े हाथों लेते हुए कहा–'वे ऐसे अरबपतियों को जानते हैं, जिनके बच्चों ने बहुत फैंसी आइसक्रीम और कुकीज के ब्रांड बनाए और वे सफल कारोबार चला रहे हैं। उन्हें इससे दिक्कत नहीं है लेकिन क्या यही भारत का भविष्य है और क्या देश इससे संतुष्ट है?' तब क्या उद्योगपतियों के बहाने उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दावों और नीतियों पर भी सवाल खड़ा कर दिया है? आखिर बीते दस सालों से स्टार्टअप्स की लगातार चर्चा करते हुए विकसित भारत का ज़िक्र कौन कर रहा था? प्रधानमंत्री ने कहा था– 'हमें नौकरी मांगने वालों को नौकरी देने वाला बनाना है। यही हमारे युवाओं की बड़ी ताकत है और हमारे स्टार्टअप्स की बड़ी शक्ति है।' क्या ऐसा हुआ? प्रधानमंत्री मोदी बार बार कहते रहे हैं कि भारत स्टार्टअप्स का कैपिटल है और दावा करते हैं कि भारत के कितने स्टार्टअप्स यूनिकॉर्न यानी सौ करोड़ डॉलर से ज्यादा का कारोबार करने वाले बन गए। लेकिन उनके इस दावे की रौशनी को मंद कर पीयूष गोयल ने भारत के स्टार्टअप्स की हकीकत बता कर क्या कोई बड़ा जोखिम ले लिया है?

लगता तो यही है। उद्योगपति तीखे तेवर दिखा रहे हैं। उनका तर्क है कि यह आसान नहीं है और हम लाखों बेरोज़गारों को काम दे रहे हैं। दरअसल यह केवल मंत्री का भाषण नहीं बल्कि बड़े सच से पर्दा उठाता अध्ययन है। ऐसे ही स्टार्टअप्स की उपलब्धियों को बड़ा बना कर भारत को विकसित बताए जाने के प्रयास किए जाते रहे हैं जबकि सच्चाई यह है कि हम अपने पड़ोसी चीन से कहीं ज़्यादा पिछड़ गए हैं। आज अमेरिका की नीतियों की वजह से दुनिया में जो निर्वात बना है उसे भारत भर सकता था, परन्तु भारत के उद्योगपति और संस्थान अंतरराष्ट्रीय स्तर के नतीजे नहीं दे पाते हैं और इसी ओर मंत्री पीयूष गोयल ने बीते सप्ताह स्टार्टअप महाकुंभ में इशारा किया और कहा– 'भारत में स्टार्टअप्स फूड डिलीवरी, फैंसी आइसक्रीम व कुकीज़, इंस्टेंट ग्रॉसरी डिलीवरी, बेटिंग व गेमिंग ऐप्स और रील्स व इन्फ्लूएंसर्स इकानॉमी बनाने में बिजी हैं।' उन्होंने भारत के स्टार्टअप की तुलना चीन से करते हुए कहा कि दूसरी ओर चीन में 'ईवी व बैटरी टेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर, एआई रोबोटिक्स व ऑटोमेशन, ग्लोबल लॉजिस्टिक्स, ट्रेड व डीप टेक और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े स्टार्टअप्स शुरू हो गए हैं।'



वर्षा भम्भाणी मिर्जा

हमारे उद्यमी इस दिशा में न बढ़ते हुए बिना जोख़िम के धंधों में लग गए हैं। देखा यही गया है कि भारतीय विदेश में नए इनोवेशन और नई कंपनियों के मालिक और साझेदार हैं लेकिन यही भारतीय उद्योगपति भारत में इंतज़ार में रहते हैं कि कब कोई नई तकनीक ईजाद हो और वे यहां उसे रेपलिकेट कर तुरंत मुनाफा बना सकें। आज जिस सर्विस को वे दे रहे हैं वह चीन पंद्रह साल पहले कर चुका है।

हमारे उद्यमी इस दिशा में न बढ़ते हुए बिना जोख़िम के धंधों में लग गए हैं। देखा यही गया है कि भारतीय विदेश में नए इनोवेशन और नई कंपनियों के मालिक और साझेदार हैं लेकिन यही भारतीय उद्योगपति भारत में इंतज़ार में रहते हैं कि कब कोई नई तकनीक ईजाद हो और वे यहां उसे रेपलिकेट कर तुरंत मुनाफा बना सकें। आज जिस सर्विस को वे दे रहे हैं वह चीन पंद्रह साल पहले कर चुका है। ज़ाहिर है कि वे लीक पर चलना पसंद करते हैं। इस सोच और नीति ने बेरोज़गार युवाओं को सस्ते मजदूर में बदल दिया है । हम सोचते हैं कि भारत के आईटी सेक्टर में युवाओं के पास मोटी तनख्वाह वाला काम है लेकिन यह भी सर्विस सेक्टर की तरह ही है। थोड़े बेहतर मजदूर कह सकते हैं। नई सोच और रिसर्च का अभाव है।

भारत आईटी शोध में जीडीपी का केवल 0.64प्रतिशत खर्च करता है जबकि चीन 2.41 प्रतिशत और अमेरिका 3.47 प्रतिशत। चिंता की बात तो यह भी है कि चीन का निजी सेक्टर जहां 77 फ़ीसदी योगदान इसमें देता है भारत का केवल 36 फ़ीसदी। चीन ने शोध के लिए 496 बिलियन डॉलर खर्च किए जबकि भारत ने 24 मिलियन डॉलर का फण्ड बनाया। आश्चर्य किया जा सकता है कि आर्टिफिशियल इंटेलीजन्स से जुड़े 70 फ़ीसदी पेटेंट चीन के होते हैं।

लगता तो यही है कि मंत्री पीयूष गोयल ने जैसे अलार्म बजा दिया है और उठकर काम करना है या सोते रहना है– यह निर्णय देश के नीति निर्धारकों को लेना है। स्टार्टअप्स को लेकर यही बात स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा ने भी कही थी। इस तरह कामरा और मंत्री जी दोनों एक ही पाले में खड़े हैं। दोनों देश की आंख खोलना चाहते हैं लेकिन कामरा ने जहां से बात कही उस जगह को तोड़ दिया गया। उसके ख़िलाफ़ हर रोज़ नए पुलिस केस दर्ज़ हो रहे हैं। उसका शो देखने वालों को पुलिस द्वारा बुलाया जा रहा है। 'बुक माय शो' से उनके कार्यक्रमों की बुकिंग हटा दी गई है। क्या मंत्री जी की बात का कुछ असर होगा या आत्ममुग्धता और अहंकार का यह सिलसिला अब चुप रहने के लिए मजबूर करेगा? वे दस साल में भारत सरकार के नौ मंत्रालय संभाल चुके हैं और पहली बार मुंबई, उत्तर से लोकसभा चुनाव जीत कर आए हैं जो देश की व्यावसायिक राजधानी भी है।

**( लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं )**

# युद्धों के कारण मानवीय संकट अपने चरम पर

**■ डॉ. अरुण मित्रा**

मध्य पूर्व के देशों और रूस और यूक्रेन के बीच युद्धों के परिणामस्वरूप मानवीय संकट अपने चरम पर है। इजरायल और हमास के बीच युद्ध विराम के बावजूद गाजा के असहाय नागरिकों पर बमबारी से कोई राहत नहीं मिली है। यदि हम बड़े अनुमानों पर जाएं तो 100,000 से अधिक लोग पहले ही मारे जा चुके हैं, जिनमें से अधिकांश महिलाएं और बच्चे हैं। वास्तव में यह इजरायल के ज़ायोनी शासन द्वारा फिलिस्तीनियों का सफाया करने के लिए एक ज़बरदस्त आक्रमण साबित हुआ है। पैरा-मेडिकल कर्मचारियों की हाल ही में हुई हत्या इस बात को साबित करती है।

अमेरिकी प्रशासन नवीनतम उच्च शक्ति वाले बमों के साथ इजरायल का पूरा समर्थन कर रहा है और सभी परिस्थितियों में इजरायल के पीछे खड़ा है। इसने जनवरी 2025 में इजरायल को 2,000 पाउंड के बम छोड़ने की अनुमति दी, एक ऐसा गोला-बारूद जिसे पहले रोक लिया गया था।

रूस यूक्रेन युद्ध के परिणामस्वरूप मानवीय पीड़ा का अंत निकट भविष्य में एक वास्तविकता नहीं लगता है। युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका और रूसी सरकारों के बीच बातचीत जल्द ही परिणाम देगी, यह अनिश्चित है। यूरोपीय संघ ने इन वार्ताओं पर कड़ी आपत्ति जताई है। यूरोपीय संघ के कई देशों ने यूक्रेन सरकार को सैन्य समर्थन देने की घोषणा की है।

इसी तरह, रूस यूक्रेन युद्ध के परिणामस्वरूप मानवीय पीड़ा का अंत निकट भविष्य में एक वास्तविकता नहीं लगता है। युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका और रूसी सरकारों के बीच बातचीत जल्द ही परिणाम देगी, यह अनिश्चित है। यूरोपीय संघ ने इन वार्ताओं पर कड़ी आपत्ति जताई है। यूरोपीय संघ के कई देशों ने यूक्रेन सरकार को सैन्य समर्थन देने की घोषणा की है। कीव द्वारा जारी किए गए आंकड़ों, संयुक्त राष्ट्र के सांख्यिकी और बीबीसी रूस द्वारा प्रकाशित ओपन-सोर्स डेटा के अनुसार, 31 मार्च, 2025 तक यूक्रेनी और रूसी सैनिकों, साथ ही मृत यूक्रेनी नागरिकों की कुल संख्या 158,341 है।

नाटो यूक्रेन के साथ मजबूती से खड़ा है, जो रूस को परेशान करता है। इस युद्ध के अंत की उम्मीद कम है। अगर ये युद्ध जारी रहे तो परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इजरायल के विरासत मंत्री अमीचाई एलियाहू ने परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकी दी थी। अमेरिकी सीनेटर लिंडसेग्राहम और टिमवालबर्ग ने भी इसी तरह के बयान दिए हैं। ये बयान फिलिस्तीनियों को खत्म करने के इजरायल के इरादे की पुष्टि करते हैं। ईरान के खिलाफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आक्रामक बयान भी इस दिशा में गंभीर खतरा हैं।

इंटरनेशनल कैंपेनटूएबोलिश न्यूक्लियर वीपन्स (आईसीएएन) के लिए लिखी गई एक टिप्पणी में, लुंड यूनिवर्सिटी में राजनीति विज्ञान विभाग और सेंटर फॉर एडवांस्ड मिड्ल ईस्टर्न स्टडीज में एसोसिएट सीनियर लेक्चर रहे बाताहा ने चेतावनी दी है कि 'पिछले साल भर में, गाजा में हिंसा का वर्णन परमाणु सादृश्यों का उपयोग करके किया गया है, उदाहरण के लिए, रिपोर्टें बताती हैं कि गाजा पर गिराए गए इजरायली विस्फोटकों की विनाशकारी शक्ति हिरोशिमा और नागासाकी बमों के बराबर या उससे भी अधिक है। ये रूपक गाजा को इन परमाणु लक्ष्यों से जोड़ने की कोशिश करते हैं। ये रिपोर्ट शायद पारंपरिक और गैर-पारंपरिक हथियारों के बीच के अंतर को भी पीछे धकेलती हैं, क्योंकि गाजा पारंपरिक हथियारों से होने वाले भारी नुकसान और अकल्पनीय हिंसा का प्रदर्शन है।'

राष्ट्रपति पुतिन ने चल रहे युद्ध के दौरान परमाणु शस्त्रागार के खतरे का तेजी से इस्तेमाल किया है और रूस ने अपने हथियारों को हाई अलर्ट पर रखा है।

चल रहे युद्ध में एक समय परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के लिए गंभीर खतरा दिखाई दिया था। यह खतरा फिलहाल टल गया है, लेकिन समाप्त नहीं हुआ है।

2025 में, बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, साथ ही 'खतरनाक परमाणु बयानबाजी और धमकियां' चिंता का विषय बन रही हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कानूनी रूप से बाध्यकारी परमाणु हथियार प्रतिबंध संधि का समर्थन करने के लिए कार्रवाई करने का आह्वान किया है।

पारंपरिक युद्ध ऐसी पूर्व शर्त प्रदान करते हैं जहां अधिक घातक हथियार विकसित किए जाते हैं। इन परिस्थितियों में परमाणु खतरा बढ़ता हुआ देखा गया है। इसलिए यह जरूरी है कि अगर हमें परमाणु हथियारों को खत्म करना है तो पारंपरिक युद्धों को रोकना होगा। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वैश्विक समुदाय वर्तमान स्थिति में या तो मूकदर्शक है या अप्रभावी है। संयुक्त राष्ट्र भी युद्धों को समाप्त करने के लिए पक्षों को सहमत कराने में विफल रहा है।

डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा शुरू किया गया व्यापार युद्ध कभी भी स्थिति की गंभीरता को बढ़ा सकता है। ग्लोबल साउथ जो पहले से ही वंचित क्षेत्र है, अब और भी खतरनाक स्थिति में पहुंच गया है।

यह जरूरी है कि ग्लोबल साउथ इन युद्धों को समाप्त करने के लिए मजबूत पहल करे। गुटनिरपेक्ष आंदोलन (एनएएम) के नेता के रूप में भारत के पास शांति को बढ़ावा देने के लिए शक्तिशाली आवाज थी। यह संभावना नहीं है कि वर्तमान नेतृत्व ऐसी कोई पहल करेगा क्योंकि उनकी योजना हथियार निर्यातक बनने की है। इसके अलावा भारत सरकार ने ज़ायोनीवादियों की नरसंहारक कार्रवाइयों के खिलाफ कोई कड़ा रुख नहीं अपनाया है।

इन परिस्थितियों में नागरिक समाज का यह कर्तव्य है कि वह पारंपरिक युद्धों को समाप्त करने के लिए और अधिक जोरदार आवाज में मांग करे और स्थिति को परमाणु विनिमय तक बढ़ने से बचाए जो विनाशकारी होगा।

## आपके पत्र

### डिजिटाइजेशन से शिक्षा को वैश्विक पहचान बनाने की जरुरत

भारत में विभिन्न विभागों में डिजिटलाइजेशन शुभ संकेत की तरह दिखाई दे रहे हैं। विशेष तौर पर शिक्षा जगत तथा बालक बालिकाओं के की डिजिटलाइजेशन एक वरदान की तरह होगा। कंप्यूटर तथा इंटरनेट के युग में आने वाले बच्चों की पीढ़ी को इसमें पारंगत होना अत्यंत आवश्यक है । वैश्विक स्तर पर भी बच्चों को प्रतिस्पर्धा हेतु इस विधा में विशेषज्ञता प्राप्त करनी होगी, तब जाकर हम रोजगार मूलक हो पाएंगे। वर्तमान में पिछले दो वर्षों से सबसे ज्यादा कोविड-19 के संक्रमण ने जीवन मृत्यु के बाद जिस क्षेत्र का सबसे ज्यादा नुकसान किया है वो शिक्षा जगत के क्षेत्र का ही हैद्य तीन वर्षों से स्कूल कॉलेज लगातार बंद और खुलते आ रहे थेद्य मूल शिक्षा खासकर बच्चों के लिए समय बेकार ना जाए इसीलिए ऑनलाइन शिक्षा का प्रावधान देश में किया गया हैद्य ऑनलाइन शिक्षा कंप्यूटर आधारित नेटवर्क से संलग्न होती हैद्य इसके अंतर्गत विद्यार्थी तथा शिक्षक वीडियो के माध्यम से एक दूसरे से जुड़े होते हैं तथा लगातार लाभान्वित भी होते हैंद्य इसमें शिक्षक आभासी तौर पर उपस्थित होते हैं एवं आभासी स्तर पर ही शिक्षा प्रदान की जाती हैद्य आज ऑनलाइन शिक्षा लाइव वीडियो क्लासेस, रिकॉर्डिंग वीडियो क्लासेस, लाइव ऑनलाइन शिक्षा, ऑनलाइन टेस्ट और घर पर पी,डी,एफ आधारित ऑनलाइन शिक्षा प्रदान की जा रही हैद्य ऑनलाइन शिक्षा में अनेक लाभ के साथ हानियों का भी समावेश है। ऑनलाइन शिक्षा के माध्यम से कक्षाओं का शिक्षण अधिक रोचक कथा संवादात्मक बनाया जा रहा है, जिससे बच्चे इस पर अधिक से अधिक ध्यान दे रहे हैं। इसके अलावा ऑनलाइन शिक्षक कोई भी कहीं भी कभी भी प्राप्त कर सकते हैं उदाहरण के लिए यात्रा के दौरान या किसी कारणवश अवकाश लेने पर छूटे हुए विषयों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। ऑनलाइन क्लासेज के प्रोत्साहन से विद्यार्थी नए-नए ज्ञान की प्राप्ति कर सकते हैं, साथ ही शिक्षकों पर सक्षम, अद्यतन न होने और शिक्षकों की कमी के जो आरोप लगते हैं उसे भी दूर किया जा सकता है। वैसे भी भारत जैसे विशाल देश में पर्याप्त स्कूल कॉलेज नहीं है । ऑनलाइन शिक्षा के विकल्प से स्कूल कॉलेज कम होने का दबाव धीरे-धीरे कम होने लगेगा और स्कूल कॉलेज के दाखिले में अनिवार्यता भी धीरे-धीरे कम होने लगेगी। ऑनलाइन शिक्षा पर्यावरण की दृष्टि से लाभकारी है, कोरोना संक्रमण की दृष्टि से लाभकारी है, और आर्थिक रूप से भी आवागमन के खर्चे से बचत के रूप में देखा जा रहा है। ऑनलाइन विद्यार्थी स्वयं शिक्षा के स्तर को समझेंगे और यह भी समझेंगे कि उन्हें क्या पसंद है और किस क्षेत्र में उन्हें आगे जाकर शोध करना है या बड़ी डिग्री हासिल करना है। इससे ज्ञान की विविधता भी प्राप्त होती है। समय की बचत के साथ इसमें आर्थिक लाभ भी होता है। तीव्रता और गहनता की दृष्टि से ऑनलाइन शिक्षा काफी महत्वपूर्ण तथा प्रभाव कारी है। ऑनलाइन शिक्षा पाठ्यक्रम के लिए आवश्यक सूचनाएं एवं डाटा संग्रहण तीव्रता से होता है तथा सृजनशीलता की विविधता की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऑनलाइन शिक्षा में सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय विद्यालय और शिक्षकों की उपलब्धता भी छात्रों की मदद के लिए सदैव रहती है। दूसरी तरफ ऑनलाइन शिक्षा से कई समस्याएं भी जुड़ी होती हैं। ऑनलाइन शिक्षा नेटवर्क कंप्यूटर पर आधारित होती है इसके लिए कई उपकरणों की जरूरत होती है जो काफी आर्थिक रूप से महंगे होते हैं। भारत जैसे देश में ऑनलाइन शिक्षा सब के लिए संभव नहीं है। विशाल जनसंख्या वाले देश में हर जगह कंप्यूटर नेटवर्क और मोबाइल की उपलब्धता इतनी आसान नहीं है, जितनी कि योजना बनाते समय कल्पना की गई थी। बच्चों की रचनात्मक क्षमता का भी इसमें नुकसान होता है क्योंकि पाठ्यक्रम से संबंधित सारी जानकारियां किताबों में ना खोजकर इंटरनेट के माध्यम से प्राप्त कर लेते हैं।

**-संजीव ठाकुर**



## ललित सुरजन की कलम से

### पत्रकारिता: भावना बनाम तर्कबुध्दि

*' एक पत्रकार को अपनी भावनाओं से समझौता किए बिना, बल्कि उन्हें जीवित रखते हुए एक तर्कप्रणाली विकसित करना चाहिए। किसी भी सामाजिक समस्या से जुड़ी हुई घटना से तात्कालिक रिपोर्टिंग करना एक बात है, लेकिन उसके निराकरण के लिए कार्य-कारण पध्दति विकसित करना बिल्कुल दूसरी। आजकल कुछ ऐसा चलन हो गया है कि जनता को मूर्ख बनाने के लिए या उसे भ्रम में डालने के लिए लुभावने आंकड़ों को समाचार की शक्ल में परोस दिया जाता है। जिनके निहित स्वार्थ हैं वे तो यह करेंगे ही, लेकिन पत्रकार क्यों उनके झांसे में आएं! यह योजना दस करोड़ की, वही योजना छह सौ करोड़ की, तो कोई योजना एक हजार करोड़ की- इस सबका अंततः क्या मतलब है? हम और कुछ न करें, इतना तो कर ही सकते हैं कि जब सौ रुपए की कोई योजना सामने आए तो उसे हम अपने शीर्षक में पंद्रह रुपए ही लिखें, क्योंकि सबको पता है कि जनता के पास तो अंतत: पंद्रह पैसे ही पहुंचते हैं!'*

**( देशबन्धु में 14 मार्च 2013 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2013/03/blog-post_13.html

## खालसा पंथ का साजना दिवस

### भय काहू को देत नहिं नहिं मानत आन

आज केदिन ही सिख पंथ की साजना गुरु गोविंद सिंह द्वारा की गई। वैसे तो सिख पंथ की साजना 1 बैसाख बैसाखी वाले दिन की गई (30 मार्च सन् 1699 ईसवीं को) परंतु असल में खालसे के खालसा, शूरवीर योद्धा हमदर्द सुलझा हुआ इंसान का रूप देने के लिए 230 वर्ष लगे। गुरु नानक देव ने नम्रता, सहनशीलता, सहिष्णुता, जरूरतमदों को अपनी नेक कमाई से दसबंध निकालकर मदद करने की सीख दी। नाम जपो और बंड छको का रंग भरा। और इसमें सरबत केभले के लिए कामना की। जाति पांति का भेद मिटाकर एक पंगत में बैठकर लंगर छकना और फिर गुरु दर्शन को जाना अर्थात पहले पंगत फिर संगत। सिखों का मन निवां और मत ऊंची रखने का वरदान दिया।

एक पिता एकस के हम बारिक।

तूं मेरा गुरु हाई। चौथे नानक गुरु राम दास ने उसमें सेवा भावना का संचार किया पांचवे नानक गुरु अर्जुन देव ने अपना बलिदान देकर इसे आपा करने और भाणा मानने की शिक्षा दी। छठवे नानक हर गोविंद सिंह ने इंसाफ पसंदी का बीज बोया। सातवें नानक हरि राय ने इसमें दया, हमदर्दी जैसे गुण तथा आठवें नानक गुरु हर कृष्णा ने परहित सेवा बीज बोया। नौवे नानक गुरुतेग बहादुर ने दूसरों के हित की रक्षा के लिए अपना नजीर कायम कर दी। सिखों को न तो किसी से अकारण डरो और न किसी को अकारण डराओ-

भय काहू को देत नहिं नहिं मानत आन।

तब दसवें नानक गुरु गोविंद सिंह ने 30 मार्च 1699 को बैसाखी के दिन पहले से बुलाए एक समागम में 80 हजार साध संगत की मौजूदगी में एक नंगी तलवार लेकर एक शीश की विचित्र मांग की। संगत में सन्नाटा छा गया। दयाराम जी खत्री लाहौर वाले ने उठ कर आप के निकट आए और अपना शीश हाजिर किया। उसे लेकर तंबू में गए। अंदर से खटाक की आवाज आई फिर खून से सने तलवार लेकर तंबू से बाहर आकर फिर से एक शीश की मांग की तब फिर भाई धर्मदास जी हस्तिनापुर के जाट आकर खड़े हुए उन्हें भी तंबू के अंदर ले जाया गया। इसी तरह तीसरे शीश भाई हिम्मत राय जगन्नाथपुरी के केंवट चौथे शीश भाई मोहकम चंद द्वारका, पांचवी बार भाई चंद नाई बिदर वाले उठकर गए। इन पांचों को बाद में सुरजीत कर नये वस्त्र पहनाए गए। जब बाहर तंबू से लाए। कुछ इतिहासकार इसमें किन्तु परन्तु करते हैं कि गुरुदेव ने बकरों के शीश काटे थे। पर वे भूल जाते हैं कि –

सतगुरु मेरा मार जीवाले। तो फिर बकरों को क्यों मारा जाता? एक लोहे की कढ़ाई मंगाई गए। और लोहे के खंडे से उसमें हिलाया और पांच वाणियों का पाठ किया गया। जपुजी साहिब जपो साहिब, सवैये, चौपाई और आनंद साहिब देव नेत से माता साहिब कौर कुछ बताशे लेकरआ गई उसको बाटे में डाला गया। और इस तरह अमृत तैयार कर पांचों को अमृत पान कराया गया। उन्हें भाई दया सिंह, धर्म सिंह, हिम्मत सिंह, मोहकम सिंह, भाई साहिब सिंह, बना दिया। जहां दया धर्म होगा तभी हिम्मत आ जाती है, दया धर्म हिम्मत हो तो कुछ भी संकल्प (मोहकम) किया जाए तो वह पूरा होता है और साहिबी मिल जाती है। फिर गोविंद राय ने इन पांचों से अमृत पान करने की प्रार्थना की। अमृत पान करने से पहले भाई दया सिंह एक छुरी लेकर कहा कि हमने तो शीश देकर अमृत पान किया आप भेंट में क्या देंगे? इस अमृत पान के बदले में धर्म रक्षार्थ अपना सर्वन्स निछावर कर दूंगा। इस तरह उन्हें अमृत पान कराकर गोविद राय ले गोंविंद सिंह से नवाजा गया। इस तरह बैसाखी के दिन ही सब किसान फसल काटकर तैयार करते हैं। इसी दिन को चुना गया। सिख पंथ की स्थापना की गई।

कनकां दी मुक्क गई सखी जहां आई बिसाखी। खालसा पंथ के साजना के बाद गुरुदेव ने कहा-

खालसा अकाल पुरख की फौज
प्रगटियो खालसा परमात्म की फौज।

गुरु सिख को हुक्म है कि गुरु गोविंद सिंघ जी के बाद किसी देहधारी को गुरु नहीं बाया जाएगा। गुरुग्रंथ साहिब ही गुरु होंगे। उनके आगे ही शीश निवायेंगे।

आज्ञा भई अकाल की तभै चलायो पंथ
सब सिक्खन को हुकम है गुरु मानयो ग्रंथ।।

**- इंदर सिंह आहुजा**

## सार-समाचार

### कलेक्टर ने वेयरहाउस उपार्जन केंद्र का किया निरीक्षण

**रायसेन, देशबन्धु।** कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा गुरुवार को सावित्री वेयरहाउस उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर द्वारा उपार्जन केन्द्र प्रभारी से अभी तक उपार्जित स्कंध की मात्रा, किसानों को तौल पर्ची वितरण आदि की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए गए कि किसानों से एफएक्यू गुणवत्ता का गेहूँ उपार्जित किया जाए। उन्होंने फसल उपार्जन हेतु आए किसानों से भी संवाद कर उपार्जन कार्य तथा व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए केन्द्र प्रभारी को किसानों के लिए छायादार बैठक व्यवस्था, पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के निर्देश दिए।

### पीएचई विभाग की टीम पहुंची नानजीपुरा गांव, ग्रामीणों से सुनी पानी की समस्या



**आष्टा।** दो दिन पहले ग्राम नानजीपुरा की दर्जनों महिलायें पीएचई विभाग के अधिकारी से लेकर तहसीलदार एवं विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर से मिली थी जिसकी खबर प्रमुखता के साथ प्रकाशित की गई थी। जिसका असर यह हुआ की पीएचई विभाग की टीम नानजीपुरा गाँव पहुंची ओर रूबरू मिलकर ग्रामीणों की समस्या सुनी दो जगह के हेटपप खराब पडे थे उन्हे ठीक किए गए जगह जगह फूटी पडी नल जल योजना को भी ठीक कराने के लिए ठेकेदार को निदेर्शित किया। दो लोगो के अवैध कनेक्शन तत्काल बंद कराया जाए और दो दिन में समपूर्ण पाईप लाईन ठीक कराई जाए पीएचई विभाग से एसडीओ सहित कर्मचारी पहुंचे थे।

### लग्जरी कार में जब्त की 58 लीटर शराब

**लवकुशनगर, देशबन्धु।** थाना पुलिस ने एक लग्जरी कार से 58 लीटर अवैध शराब जप्त की है। थाना प्रभारी निरीक्षक परसराम डाबर ने बताया दोपहर में बगमऊ तिगड्डा के कटहरा रोड पर अवैध शराब तस्करी की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने तेज रफ्तार कार का पीछा किया, लेकिन चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। तलाशी में कार से पांच पेटी अवैध देशी-कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस टीम ने कार और शराब जप्त कर ली है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब ढाई लाख रुपये है। पुलिस ने आरोपी बबलू रजक, निवासी ग्राम कटहरा, थाना लवकुशनगर के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

### 12 घंटे में पकड़ा गया मवेशी चोर

**नौगांव, देशबन्धु।** थाना अंतर्गत लुगासी चौकी क्षेत्र में भैंस चोरी की घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 12 घंटे के भीतर मवेशी चोर को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी की गई चार भैंसें भी बरामद कर ली गईं हैं। उल्लेखनीय है कि विगत दिवस लुगासी चौकी क्षेत्र के ग्राम नैगुंवां निवासी किसान की पठवा हार से भैंस चोरी हो गई थी, जिसकी रिपोर्ट पर भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज किया गया। पुलिस ने मुखबिर तंत्र सक्रिय कर संदिग्धों की जानकारी जुटाई और पूछताछ के बाद आरोपी राजू पुत्र उदल अहिरवार निवासी ग्राम दौनी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने मवेशी चोरी करने का जुर्म स्वीकार कर लिया है।

### तारों से निकली चिंगारी से फसल जली

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के ईशानगर कस्बे में गुरुवार को विद्युत तारों से निकली चिंगारी ने एक किसान की फसल को जलाकर खाक कर दिया है। गनीमत रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, अन्यथा और भी बड़ी घटना हो सकती थी। जानकारी के मुताबिक घटना में किसान पंखू प्रजापति की लगभग 14 क्विंटल जवा की फसल जलकर खाक हो गई है। आग लगने के बाद परिवार और आसपास के किसानों ने तुरंत आग पर काबू पाने का प्रयास किया, जिससे अन्य फसलों को नुकसान से बचा लिया गया। बताया गया है कि बिजली के तारों से चिंगारी निकलने की शिकायत पहले से बिजली विभाग से की गई थी, लेकिन कर्मचारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।

फर्जी कंपनी से पार्ट टाइम जॉब का ऑफर देकर फंसाया था जाल में

# ऑनलाइन गेमिंग के लालच ने ली अंकित की जान, आरोपी गिरफ्तार



**रायसेन, देशबन्धु।** औबेदुल्लागंज में पिछले माह फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाले बैंक कर्मचारी अंकित चौरे की मौत के मामले में पुलिस खुलासा करते हुए एक आरोपी को झांसी से गिरफ्तार किया है वहीं एक नाबालिक को हिरासत में लिया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। आरोपियों ने अंकित ने ऑनलाइन गेम के लालच में फंसा लिया था और जब वह कर्ज तले दब गया तो उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पांडेय ने गुरुवार को पत्रकारवार्ता में यह खुलासा करते हुए बताया कि 18 मार्च 2025 को एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगाने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंची थी। यहां पता चला कि हिरनिया निवासी अंकित चौरे ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उसने चार पन्नों का सुसाइड नोट छोड़ा था जिसमें उसके साथ हुई ठगी और मानसिक शोषण का जिक्र था। उसके शव के पास से मोबाईल भी जप्त किया था। पुलिस ने जांच में पाया कि अंकित को रिलायंस एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड नामक फर्जी कंपनी से पार्ट टाइम जॉब का ऑफर दिया गया था। आरोपियों ने उसे एक टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ा और शुरुआती चरण में छोटे टास्क देकर कुछ पैसे भेजे। इससे अंकित लालच में आ गया। कुछ दिनों बाद आरोपियों ने अंकित से पैसे जमा करवाने शुरू कर दिए। अंकित ने अपने बैंक अकाउंट, क्रेडिट कार्ड और दोस्तों से उधार लेकर बड़ी राशि जमा की, लेकिन अचानक उसका अकाउंट बंद कर दिया गया। आर्थिक तंगी और मानसिक प्रताड़ना से परेशान होकर उसने आत्महत्या जैसा कदम उठाया। इस मामले की गंभीरता को देखते हुये

### पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद झांसी से पकड़ा

ऑनलाईन गेमिंग के आरोपियों की तलाश एवं गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पांडेय के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूसे के मार्गदर्शन में एसडीओपी रायसेन शीला सुराणा एवं थाना प्रभारी निरीक्षक बीपी सिंह के द्वारा पुलिस टीम गठित कर जांच में लिया गया। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा 10 हजार रूपये का ईनाम भी घोषित किया गया।

पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्य के आधार पर जिला झांसी पहुंकर ऑनलाईन गेमिंग के आरोपियों की तलाश कर आरोपी सागर अहिरवार पिता गजरा अहिरवार उम्र 38 साल निवासी शंकर मंदिर के पीछे हंसारी झांसी जिला झांसी (उप्र) से एटीएम व एक अपचारी बालक से मोबाईल जप्त किया गया।

पुलिस झांसी से गिरफ्तार आरोपियों को औबेदुल्लागंज थाने लेकर आई। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है। इस मामले को सुलझाने में एसडीओपी शीला सुराणा, थाना प्रभारी निरीक्षक भरत प्रताप सिंह, सउनि बृजम साहू, प्रआर अभिषेक चौधरी पुष्पेन्द्र सिंह माखन उइके, आरक्षक जितेन्द्र कुमार सायबर सेल राय टीम सउनि सुरेंद्र सिंह प्रआर मुन्ना मसराम आर. जयदेव की विशेष भूमिका रही है

# भीषण गर्मी में सौर ऊर्जा के प्याऊ दे रहे गर्म पानी



बसस्टैंड परिसर



रेलवे स्टेशन रोड प्याऊ

**सांची, देशबन्धु।** नगर परिषद द्वारा लाखों की लागत से सौर ऊर्जा से संचालित प्याऊ की स्थापना की गई थी, ताकि स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों को गर्मी में ठंडा पेयजल मिल सके, लेकिन हालात इसके उलट हैं। गर्मियों की तपिश में जब लोग इन प्याऊ से राहत की उम्मीद लेकर पहुंचते हैं, तो वहां से गर्म उबला हुआ पानी निकलता है, जिसे पीना तो दूर, हाथ धोने लायक भी नहीं रहता। पहले नगर परिषद प्रशासन लोगों को ठंडा पानी गर्मी में उपलब्ध कराने जगह जगह ठंडे मटके रखकर सुविधा उपलब्ध कराता रहा है परन्तु जबसे सौर ऊर्जा प्याऊ बने तबसे स्थानीय प्रशासन ने भी अपने हाथ पीछे खींचने में देर नहीं की। इतना ही नहीं यहां आने वाले देशीविदेशी पर्यटकों को स्तूप प्रशासन भी ठंडे पानी की सुविधा उपलब्ध कराने में नाकाम साबित हो चुका है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ये प्याऊ केवल नाम की शीतल जल सुविधा बनकर रह गई हैं। हम यहां ठंडा पानी पीने आते हैं, लेकिन यहां तो और ज़्यादा परेशानी झेलनी पड़ती है।

एक दुकानदार ने नाराज़गी जाहिर करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में पीने के ठंडे पानी की कोई वैकल्पिक व्यवस्था प्रशासन द्वारा नहीं की गई है। नगर पहुंचने वाले लोग इस गर्मी के मौसम में बहुत परेशान है। खामखेड़ा के दौलतसिंह का कहना है कि इन प्याऊ मे गर्म पानी निकल रहा है हम गांव वालों की कैसे प्यास बुझेगी। रायसेन निवासी रामबाई का कहना है कि भैया ठंडा पानी नहीं मिल पा रहा क्या करें। स्थानीय निवासी हरीराम का कहना है कि हम बाजार में सब्जी दुकान लगाने आये हैं मगर यहां गर्म पानी पीने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

# न्यायालय में पेश करने के बाद आरोपियों का निकाला जुलूस

**भेरूंदा, देशबन्धु।** मामूली विवाद में होटल के कर्मचारियों से मारपीट के आरोपियों को आज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका जुलूस निकाला। उल्लेखनीय है कि बस स्टैंड स्थित त्रिवेदी रेस्टोरेंट में घुसकर 4 युवक कर्मचारियों से मारपीट की घटना सामने आई थी। जिसकी जानकारी मिलते ही विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता त्रिवेदी रेस्टोरेंट पहुंचे और मालिक से पूछताछ की। जिसमें मालूम हुआ कि 4 युवकों ने सुबह करीब सवा 6 बजे उनके होटल पर काम करने वाले लड़कों से मारपीट की है। जिसके बाद विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ रेस्टारेंट संचालक ने थाने पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज करवाई। इस मामले में अपराध पंजीबद्ध होने के बाद थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी ने एक टीम का गठन किया। पुलिस टीम अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर इस मामले में आरोपी इदरीस, एजाज, फैजान, राजा गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। इसके बाद उनका जुलूस निकाला गया। आरोपियों एसडीएम कार्यालय, जेपी मार्केट, जूलूस निकालकर पुलिस उन्हें सिविल अस्पताल लेकर पहुंची। जहां मेडिकल के बाद उन्हें जेल भेज दिया।



# खिलाड़ी अब पढ़ाई में भी अव्वल, अंजना और अंकिता को किया सम्मानित

**रायसेन, देशबन्धु।** सांची विकास खंड की अन्तर्राष्ट्रीय पर्वतारोही अंजना यादव ने रवींद्र नाथ टैगोर विश्वविद्यालय की शारीरिक शिक्षा में स्नातक बैचलर आफ फिजिकल (बीपीएड) परीक्षा में प्रथम स्थान एवं मंडीदीप की राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी व पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय की विजेता टीम की उप कप्तान अंकिता कुशवाह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दोनों खिलाड़ियों को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अन्तर्राष्ट्रीय कंनवेंशन सेंटर में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला के मुख्य आतिथ्य, स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में राधाकृष्ण पाढी एयरोस्पेस साइंटिस्ट कुलाधिपति संतोष चौबे ने सम्मानित किया। अंजना यादव एवं अंकिता कुशवाह की उपलब्धि पर ज़िला कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा, ज़िला पुलिस अधीक्षक पंकज पांडेय एवं जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी जलज चतुर्वेदी ने बधाई और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है।





## हटाया गया अतिक्रमण, जब्त किया सामान



**छतरपुर, देशबन्धु।** गुरुवार की शाम छतरपुर के बस स्टैंड क्रमांक 1 और 2 सहित महोबा रोड और फब्बारा चौक से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है।

छतरपुर एसडीएम अखिल राठौर, तहसीलदार संदीप तिवारी और सीएमओ माधुरी शर्मा और यातायात प्रभारी बृहस्पति साकेत के नेतृत्व में राजस्व और नगर पालिका की संयुक्त टीम द्वारा ये कार्रवाई की गई है। इस दौरान अतिक्रमण को हटाकर शहर में सुचारू यातायात व्यवस्था को बहाल करने का प्रयास किया गया। एसडीएम श्री राठौर ने बताया पिछले कई दिनों से अतिक्रमण से यातायात बाधित होने की शिकायतें मिल रही थीं। जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई है। इस दौरान सड़क और अतिक्रमण कर रखे गए सामान को जप्त किया गया, स्थाई अतिक्रमण को जेसीबी मशीन से तोड़ा गया। साथ ही चूने से लकीर खींचकर अतिक्रमणकारियों को भविष्य में ऐसा न करने की चेतावनी भी दी गई। सीएमओ माधुरी शर्मा ने बताया कि शहर में फैले अतिक्रमण पर आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

## कार्यकर्ताओं के परिश्रम से भाजपा बनी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी : केन्द्रीय मंत्री



**छतरपुर, देशबन्धु।** गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में छतरपुर विधानसभा के सक्रिय सदस्य सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने कहा कार्यकर्ताओं के परिश्रम से भाजपा देश की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास और सब का विश्वास के साथ कार्य कर रही है। जिसे सभी वर्गों का सहयोग भी मिल रहा है।

उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार के कार्यकाल की तमाम उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा भाजपा के कार्यकाल में हमारा देश अर्थव्यवस्था के मामले में 11वे नंबर से 5वे नंबर पर पहुंच गया है। केंद्र और प्रदेश सरकार के उल्लेखनीय कार्यों को आमजन के पास तक पहुंचाना हम सब कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक ललिता यादव ने कहा कि जनसंघ के संस्थापकों में से एक डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने हमें एकात्म मानववाद और अंत्योदय का विचार दिया है, जिसके रास्ते पर भाजपा आगे बढ़ रही है। उन्होंने उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत योजना, 55 करोड़ जनधन खाते खोलने का जिक्र करते हुए कहा भाजपा सरकारों की अधिकांश योजनाएं अंत्योदय के आधार पर लागू की गई हैं, जिनका सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है।

# जैन समाज ने महावीर जयंती पर निकाली शोभायात्रा



**भेरूंदा, देशबन्धु।** नगर भेरूंदा में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान महावीर की जयंती को नगर भेरूंदा के जैन समाज के लोगो ने हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई। महावीर जयंती पर भेरूंदा नगर के जैन मंदिर से शोभा यात्रा निकाली गई,जो नगर भेरूंदा बस स्टैंड से होते हुए दुर्गा मंदिर चौराहा, जे.पी. मार्केट, दाना बाबा व नीलकंठ रोड,शास्त्री कालोनी सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए। इस शोभा यात्रा का समापन जैन मंदिर में पहुंचकर किया गया। जहां भगवान महावीर की पूजन एवं जलाभिषेक किया गया और इस अवसर पर स्थानीय दिगंबर जैन समाज एवं ग्रामीण क्षेत्रों लाड़कुई, बोरखेड़ा, छीपानेर, इटावा कलां, खारदा आदि स्थानों से आए जैन समाज के बच्चो एवं महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महावीर भगवान के जीवन पर प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाज के प्रमुख वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश चंद्र सेठी, राजेश सेठी, भोलाराम जैन, मनीष सेठी, विजय जैन, अनिल जैन, ऋषभ जैन, पंकज सेठी, रूपेश सेठी, संयम सेठी, सम्यक सेठी, आदिश जैन, योगी जैन, रोहित जैन आदि एवं महिलाओं प्रमुख रूप से उषा सेठी, बरखा सेठी, मंजू सेठी, श्रद्धा सेठी सहित समाज की सैकड़ों महिलाए पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए। वहीं पर चल समारोह में अग्रवाल समाज द्वारा फूल माला से स्वागत किया गया।

# उत्साह से मनाई महावीर जयंती, शोभायात्रा से दिया जियो और जीने दो का संदेश







**छतरपुर, देशबन्धु।** गुरुवार को पूरे जिले में 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के 2624वें जन्मकल्याणक पर्व पारंपरिक तरीके से उत्साह के साथ मनाया गया। छतरपुर, खजुराहो, हरपालपुर, बडामलहरा, नौगांव, बमीठा सहित अन्य स्थानों पर श्रीजी की भव्य शोभायात्राएं निकालकर अहिंसा परमोधर्मा, जियो और जीने दो का संदेश दिया गया। छतरपुर शहर में सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा सुबह श्री नेमिनाथ जिनालय से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो महल रोड, छत्रसाल चैराहा से मेला ग्राउंड स्थित श्री अजितनाथ जिनालय पहुंची। यहां जैन कीर्ति स्तंभ एवं मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण के बाद शहर के कंस्ट्रक्शन ग्रुंप द्वारा पेप्टेक टाउन में जैन मंदिर निर्माण के लिए 4000 स्क्वायर फिट के एक प्लाट की रजिस्ट्री समाज के पदाधिकारियों को सौंपी गई। यहां से शोभायात्रा छत्रसाल चैराहे से आकाशवाणी तिराहा, पत्रकार चौक, चौक बाजार होते हुए नेमिनाथ जिनालय पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में जैन समाज की सभी महिलाएं, पुरुष ड्रेस कोड में श्रीजी का जयकारा लगते शामिल हुए। स्वाध्याय मंडल के सदस्य श्रीजी का रथ अपने कंधों पर लेकर चल रहे थे। शोभा यात्रा के दौरान महावीर भगवान के संदेशों से पूरा वतावरण गुंजायमान होता रहा। इसके माध्यम से सभी को सत्य, अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह और करुणा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। शोभायात्रा का जगह जगह उत्साह पूर्वक स्वागत किया गया। वैश्य महासम्मेलन के महामंत्री पंकज जैन महर्षि ने बताया महासम्मेलन के जिला प्रभारी आनंद अग्रवाल, नगर अध्यक्ष प्रकाश जैन, गिरजा पाटकर, महर्षि विद्या मंदिर के प्राचार्य सीके शर्मा और द्वारका असाटी द्वारा महल पर श्रीजी की आरती उतारी गई। नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, पोतदार हाउस, दयोदय संघ, योगस्टार परिवार, चेतगिरी जैन समाज द्वारा शोभायात्रा का उत्साह से स्वागत किया गया। पर्यटन नगरी खजुराहो में जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती श्रद्धा, भक्ति के साथ मनाई गई। नगर में श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र स्वर्णोदय तीर्थ जैन मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकालकर सभी को जियो और जीने दो का संदेश देकर अहिंसा के लिए प्रेरित किया गया।

## सार समाचार

### अवैध कॉलोनियों को लेकर नपा ने थाना प्रभारी को लिखा पत्र

**सिरोंज, देशबन्धु।** मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा नगर में अनाधिकृत कालोनियों के भू-स्वामियों के विरूद्ध म.प्र. नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 339 ग के तहत दण्डात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु थाना प्रभारी को पत्र जारी किया गया। जिसमें नगर सिरोंज में संचालित 27 अनाधिकृत कालोनियों नागरिक अधोसंरचना प्रदान करने हेतु चिन्हित कर म.प्र. नगरपालिका कालोनी विकास नियम 2021 के नियम (23)के तहत प्रथम सूचना प्रकाशन पत्र में नाम अंकित थे। उक्त प्रारंभिक सूचना में अंकित सभी भू-स्वामियों द्वारा म.प्र. नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 339 ग की उपधारा (1) के तहत अनाधिकृत कालोनी विकसित करने का अपराध कारित किया गया है जो अधिनियम की धारा 339 ग की उपधारा (4) के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है। इसी क्रम में नगरपालिका द्वारा अपने पत्र दिनांक 09/04/2025 द्वारा उक्त कालोनी भू-स्वामियों के संबंध में दण्डात्मक कार्यवाही करने हेतु पत्र जारी किया गया।

### कैलाश पांचाल व्याख्याता पद से सेवानिवृत्ति, दी भावपूर्ण विदाई



**आष्टा, देशबन्धु।** दीर्घकालीन शिक्षण सेवा और उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान देने वाले कैलाश पांचाल का व्याख्याता पद से सेवानिवृत्ति अवसर अत्यंत गरिमा और आत्मीयता से मनाया गया। इस विशेष अवसर पर पांचाल परिवार द्वारा गीतांजलि गार्डन में एक भावभीना सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें समाज के अनेक प्रतिष्ठित नागरिकों एवं सहकर्मियों,शिक्षाविदों ने भाग लेकर कैलाश पांचाल एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती पांचाल को सम्मानित किया।समारोह में दोनों का शाल, श्रीफल एवं पारंपरिक साफा पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस पल को और भी विशेष बनाने हेतु उपस्थित अतिथियों ने श्री पांचाल के शिक्षण जीवन की स्मृतियों को साझा किया और उनके शैक्षिक समर्पण की सराहना करते हुए भावुक शब्दों में उन्हें भावभीनी विदाई दी।स्वागत करने वालों में सकल समाज के अनिल श्रीवास्तव, बीआरसी अजब सिंह राजपूत, महेन्द्र सिंह मालवीय श्बाऊजीश, महेन्द्र सिंह दरबार, सरपंच रामपूरा, पीयूष श्रीवास्तव, दीपक पांचाल, मनोहर श्रीवास्तव, विरेंद्र जैन, गोपाल पांचाल, सुनील भार्गव एवं शिवनारायण वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।समाजजनों ने कहा कि श्री पांचाल न केवल एक कुशल शिक्षक रहे, बल्कि विद्यार्थियों के जीवन निर्माण में मार्गदर्शक की भूमिका भी निभाई है। उनके संयमित, अनुशासित और प्रेरणादायक व्यक्तित्व की छवि सदैव स्मरणीय रहेगी।कार्यक्रम में भावनाओं का एक सुंदर संगम देखने को मिला, जहां विदाई के साथ सम्मान, स्मृति के साथ आभार और सेवा के साथ सौजन्यता का भाव हर उपस्थित व्यक्ति के मन को छू गया। समारोह का समापन स्नेहपूर्ण संवाद एवं सामूहिक भोज के साथ हुआ।

## 3 सत्रों में हुआ सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने पढ़ा संगठन की रीति नीति का पाठ

### नवीन मंडल कार्यसमिति की घोषणा के बाद पहली बार आयोजित हुआ विधानसभा स्तरीय मंडल कार्यकर्ता सम्मेलन




**सिरोंज, देशबन्धु।** भाजपा के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को सिरोंज लटेरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले पांचों मंडलों में नवगठित हुई कार्यकारिणी का सक्रिय सदस्य सम्मेलन आयोजित किया गया। चार सत्रों में आयोजित सम्मेलन के प्रारंभिक तीन सत्रों में जिला संगठन द्वारा भेजे गए वक्ताओं ने प्रदेश संगठन द्वारा तय विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। चौथे समापन सत्र को विधायक उमाकांत शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की आधारभूत मजबूती के लिए हम सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी संगठन की रीति नीति तथा सरकार की कार्य उपलब्धि से आम जनता को सतत अवगत कराते रहना होगा। उन्होंने प्रदेश संगठन द्वारा आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि 14 अप्रैल को सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को प्रत्येक मतदान केंद्र एवं मंडल केंद्र पर संगोष्ठी कर मानना है। उन्होंने केन्द्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों पर बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की जनकल्याणकारी योजनाओं के वितरण में कोई भेद नहीं है वह समाज के सभी वर्गों के कल्याण में समानता के साथ संचालित हो रही है। इसके पूर्व विधायक शर्मा ने बूथ इकाई, त्रिदेव,शक्ति केंद्र तथा मंडल रचना एवं श्रेणीश संगठन के कोर ग्रुप की जानकारी प्रदान की। समापन सत्र की अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष हरीबाबू भार्गव ने की।

इसके पूर्व संगठन के कार्यकर्ता सम्मेलन का शुभारंभ प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता एवं सागर जिले के प्रभारी श्याम सुंदर शर्मा तथा अध्यक्षता कर रहे नारायण दास साहू ने भारत माता, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया।

द्वितीय सत्र के वक्ता भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री मुकेश तिवारी तथा अध्यक्षता माधवी माथुर ने एवं तृतीय सत्र के वक्ता लक्ष्मण सिंह बघेल ने एवं अध्यक्षता लटेरी के पूर्व मंडल अध्यक्ष भारत सिंह राजपूत ने की। बैठक का संचालन जितेंद्र बघेल ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विधानसभा संयोजक कैलाश शर्मा,रमेश यादव, लटेरी मंडल अध्यक्ष राम गुलाम राजौरिया,आनंदपुर के मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा,देवपुर मंडल अध्यक्ष झार सिंह दांगी,चितावर मंडल अध्यक्ष चरण सिंह राजपूत,सिरोंज नगर मंडल अध्यक्ष सीताराम कुशवाह,लटेरी नपाध्यक्ष शैलेश भंडारी,सिरोंज नपाध्यक्ष मनमोहन साहू सहित बड़ी संख्या में संगठन पदाधिकारी एवं सक्रिय सदस्यगण मौजूद रहे।

प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए श्याम सुंदर शर्मा ने कहा कि 6 अप्रैल 1980 से प्रारंभ हुई भारतीय जनता पार्टी संगठन की यात्रा को शून्य से शिखर तक पहुंचाने में हमारी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने कड़ा संघर्ष किया है। आज पूरे देश में बूथ केंद्र इकाई तक हमारे कार्यकर्ताओं की लंबी फौज हैं। हमारे संगठन के घोषणा पत्र में देश की जनता से जो वादे किए गए उनको पूरा करने में हमारी सरकारें खरी उतरी हैं। द्वितीय सत्र के वक्ता मुकेश तिवारी ने कहा कि देश में सत्तर सालों तक कांग्रेस ने राज किया लेकिन उन्होंने सरकार को केवल भोग विलास का साधन मात्र माना जिसका असर यह हुआ कि देश ओर प्रदेश विकास की दृष्टि से पिछड़े हुए ही रहे। आज भारत वैश्विक पटल पर पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है और जल्द ही हम विश्व की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनेंगे। सम्मेलन के तृतीय सत्र को संबोधित करते हुए लक्ष्मण सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश को सशक्त नेतृत्व प्रदान किया है आज हमारे देश ने साइंस,टेक्नालॉजी तथा आर्थिक,सामरिक क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की हैं आज हमारी पांच मिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन गई है आज चांद के दक्षिणी ध्रुव पर झंडा स्थापित कारण वाला भारत विश्व का पहला देश बन गया है।

### इंटेक वेल की 3 मोटर एक साथ जली, 2 दिन प्रभावित रहेगी जलापूर्ति



**सिरोंज, देशबन्धु।** गर्मी शुरू होते ही शहर में आज और कल शुक्रवार को पानी की किल्लत रहेगी। इसका कारण है नगर पालिका फ़िल्टर प्लांट पर पानी की तीन मोटर का एक साथ जल जाना। बुधवार की रात शार्ट शर्किट होने से पुराने इंटेक वेल और फ़िल्टर प्लांट की तीन मोटर एक साथ जल गईं। जानकारी मिली है की लाइट की डीपी से डबल फेस आ गया जिससे लाइट का बोर्ड जल गया और मोटरे जल गईं। जिस कारण आज हाईस्कूल टंकी से जुड़े कठाली, कस्टम, छिपेटी, कटरा, एरिया में पानी की सप्लाई नहीं हो पाई। रावजीपूरा, चंद्रमोहन सभागार और हाजीपुर टंकी से जुड़े क्षेत्रों में पानी की सप्लाई कम प्रेशर से हो पाई और टेल एरिया और ऊंचाई पर बसें क्षेत्रों में पानी नहीं पहुंच सका। शुक्रवार को भी पानी की सप्लाई में कहीं कहीं दिक्कत रहेगी और लो प्रेशर से कम पानी आएगा। जल शाखा के प्रभारी इजीनियर रोहित तोमर ने बताया कि सुधार कार्य शुरू हो चुका है, एक मोटर ठीक भी कर ली है। नये फ़िल्टर प्लांट जो 18 घंटे चलता था उसे अभी के लिए 24 घंटे चालू कर रहे है। पानी की सप्लाई लाइने खाली हो गईं है, इन्हें भरने में एक दिन का समय लगता है। इसलिए कल शुक्रवार को भी पानी सप्लाई कहीं कहीं बाधित रहेगी। परसो शनिवार से नगर में पानी सप्लाई पूर्णत: सुचारु हो जाएगी।

## मकान से अवैध शराब बरामद



**सिरोंज, देशबन्धु।** आबकारी अमले ने एक मकान से अवैध देसी शराब बरामद कर आरोपी के विरूद्ध प्रकरण कायम किया है। जिले में अवैध मदिरा के धारण, परिवहन,निर्माण एवं विक्रय की रोकथाम हेतु कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी विनय रंगशाही के मार्गदर्शन में बुधवार को विदिशा जिले के वृत्त सिरोंज के अंतर्गत मुखबीर की सूचना पर ग्राम कचनारिया में अभियुक्त ओम प्रकाश कुर्मी पिता हलकुराम के रिहायशी मकान से तलाशी लेने पर चार थैलों में भरी अवैध देसी शराब बरामद की गई। जिसे कब्जे आबकारी लेकर आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क, 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जब्त शराब का बाज़ार मूल्य 23025 रुपये लगभग बताया जा रहा है । इस कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्ष संजय इवने, आबकारी आरक्षक मनोज नामदेव, एवम नीरज रघुवंशी का सराहनीय योगदान रहा।

## जल गंगा संवर्धन अभियान: वैगमति नदी की सफाई कर जल सरंक्षण के लिए किया प्रेरित



**सिरोंज, देशबन्धु।** जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक पूजा बधेया ने श्रमदान कर वैगमति नदी साफ सफाई की। उन्होंने परिषद से जुड़े परामर्शदाताओं नवांकुर संस्थाओं और ग्रामीण जन के साथ श्रमदान कर जल गंगा अभियान को गति प्रदान की।

साथ ही उन्होंने गांव में स्थित नदी तालाब, कुआं, बावड़ी आदि जलस्त्रोतों के आस पास साफ सफाई रखने और उन्हें संरक्षित करने लोगों को प्रेरित किया। श्री मति बधेया दोपहर 3 बजे विकास खण्ड समन्वयक चरण सिंह दांगी के साथ परिषद के सेक्टर गरेंठा पहुंची। जहां उन्होंने क्षेत्र में जल गंगा अभियान को गति प्रदान करने को लेकर परिषद से जुड़े परामर्शदाता, सीएमसीएलडीपी विद्यार्थी नवांकुर संस्थाओ एवं ग्रामीणों की बैठक आयोजित की। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे आस पास उपलब्ध जल स्त्रोतों की उपेक्षा और उनकी अनदेखी की वजह से भूमिगत जल स्तर घटता जा रहा है। नदी तालाब कुआं बावड़ी सूख रहे हैं। इसका परिणाम भी हमें दिखने लगा है। सहजता से नि:शुल्क उपलब्ध होने वाला पानी भी अब दबाई की तरह बिकने लगा है। अब निशित रूप से कल तभी होगा जब जल होगा। इस लिए अब हमें जल स्त्रोतों को सहजने ओर उनके संरक्षण का काम करना ही होगा।

बैठक के उपरांत जन अभियान परिषद से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता ग्रामीणों के साथ प्यारखेड़ी गांव में स्थित वैगमती नदी के तट पर पहुंचे। जहां वैगमती नदी में पसरी बटेरा घांस की कार्यकर्ताओं ने हशियों से कटाई करके उसे साफ किया। जिससे अब यहां पानी की तलाश में भटक रही मवेशी को प्यास बुझाने सरलता से पानी उपलब्ध हो सकेगा। वैगमती नदी तट पर जिला समन्वयक पूजा बधेया, विकासखंड समन्वयक चरण सिंह दांगी, परामर्शदाता दिनेश शाक्य, नरेंद्र दांगी, इंदर रघुवंशी, कृष्ण चंद्र पटेल, नवांकुर प्रभारी रामचरण कुर्मी, किशोर कुर्मी, देवेंद्र विश्वकर्मा, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष रतनलाल साहू, धर्मराज शर्मा, चंद्रेश कुर्मी, सुनील शाक्य, रामकृष्ण कुर्मी, अंकेश पटेल एवं ग्रामीण जन ने श्रमदान किया। वहीं इस दौरान परामर्शदाता नरेंद्र दांगी ने श्रमदान दल को जल संरक्षण की शपथ भी कराई गई।

## हनुमान जन्मोत्सव पर अखंड रामायण पाठ आज से, कल बहनों की भजन संध्या

### शाम को निकलेगी हनुमान ध्वज यात्रा



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** चक्र स्वरूप नगर वार्ड नंबर 13 स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व 11 अप्रैल को मंदिर में संगीतमय अखंड रामायण पाठ प्रारंभ होगा जिसकी पूर्णाहुति हवन और भंडारे के साथ शनिवार को की जाएगी। हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर भोपाल से आ रही तिवारी बहनों के द्वारा शाम को मंदिर परिसर में बने भव्य मंच से एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। शनिवार शाम 4 बजे हनुमान ध्वज यात्रा निकाली जाएगी जो कि नौलखी मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए चक्र स्वरूप नगर हनुमान मंदिर पर समापन होगा।

मंदिर के पुजारी पंडित मनोज शर्मा ने बताया कि गंगा गार्डन स्थित हनुमान मंदिर काफी प्राचीन है जो कि करीब 800 साल से स्थापित है। मंदिर में महीने की हर पूर्णिमा को संगीत कलाकारों द्वारा भजन संध्या आयोजित की जाती है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव भक्तों द्वारा धूमधाम से मनाने की तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं। मील रोड से लेकर मंदिर तक जाने वाली गली रंग बिरंगी लाइट झालर से सजाई गई है। मंदिर परिसर के अंदर फूलों की गैलरी बनाकर विशेष सजावट की है। जन्मोत्सव के मौके पर संगीतमय अखंड रामायण पाठ के अलावा भजन संध्या का आयोजन भी रखा गया है जिसमें भोपाल नजीराबाद से आ रहीं श्रद्धा एवं श्रेया तिवारी बहनों के अलावा नगर के भजन गायक अनिल झा भजनों की प्रस्तुती देंगे। शुक्रवार प्रात: 8 से रामायण का अखंड पाठ प्रारंभ हो जाएगा जिसकी शनिवार को हवन, अनुष्ठान के साथ पूर्णाहुति होगी। जन्मोत्सव के मौके पर शनिवार को प्रात:काल तड़के हनुमान जी को चोला अर्पित कर विशेष श्रृंगार और विधि विधान के साथ उनका पूजन किया जाएगा। जबकि शाम 7 बजे से मंदिर परिसर में संगीतमय भजन संध्या प्रारंभ होगी। गाजे बाजे के साथ निकलेगी हनुमान ध्वज यात्रा: शनिवार को शाम 4 बजे स्टेशन रोड़ स्थित नौलखी मंदिर से हनुमान भक्तों द्वारा ध्वज यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली जाएगी।

## निकला चल समारोह, कवि सम्मेलन ने बांधा शमा

### भगवान महावीर जन्म महोत्सव पर सकल जैन समाज ने किया मिष्ठान वितरण



**गंज बासौदा, देशबन्धु।** वर्तमान जिन शासन नायक वर्तमान के वर्धमान और अहिंसा के प्रणेता भगवान महावीर विहार के जन्म महोत्सव पर सकल जैन समाज गंज बासौदा द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें जन्म कल्याणक के पूर्व अहिंसा वाहन रैली का आयोजन किया गया , तो वहीं भगवान महावीर स्वामी की जन्म जयंती के दिन भव्य शोभा यात्रा का आयोजन भी किया गया ।

जो कि भगवान महावीर विहार से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए स्थानीय श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पारसपुरम् (धूसरपुरा) पहुंची। चल समारोह में सबसे आगे ऐरावत हाथी फिर अष्ट प्रातिहार्य चल रहे थे । पीछे पीछे नगर के सभी जिनालयों की पाठशालाओं के बच्चों द्वारा तैयार की गई सुंदर सुंदर झांकी चल रही थी, जो कि अलग अलग उद्देश्य को लेकर तैयार की गई थी। झांकियों के बाद नगर के सेवादल अपने अपने दिव्य घोष के साथ , चल समारोह को गुंजायमान कर रहे थे। अभय सेना के सदस्य पारंपरिक भेष भूसा को धारण कर देश की मूल परंपरा को दर्शा रहे थे। महिला मंडल भी अपने अपने ड्रेस कोड के साथ अपनी प्रस्तुतियां दे रही थीं। भजन की धुन पर युवा नृत्य करते और धर्म ध्वजा के साथ नारे लगाते नजर आ रहे थे। वही युवाओं की टोली के पीछे चांदी के विमान में विराजमान भगवान महावीर स्वामी चल समारोह की शोभा बढ़ा रहे थे। आयोजन स्थल पर उपस्थित श्रद्धालुओं के समक्ष भगवान के मस्तक पर अभिषेक एवं शांतिधारा की गई। कार्यक्रम में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति शशि अनिल यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गायत्री नरेंद्र रघुवंशी भाजपा नेता पिंकू शर्मा सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

## सागौन के साथ मोटरसाईकिल जब्त, आरोपी गिरफ्तार



**आष्टा, देशबन्धु।** बीती रात गश्त कर रही वन विभाग की टीम को मोटरसाइकिल से सागौन के पल्ले लाते हुए दिखे तभी रेंजर नवनीत झा द्वारा बनाई गई टीम ने पीछा किया ओर आखिरकार सिंगारचौरी के पास पकडने में कामयाब हो गये अंधेरे का फायदा उठाकर आरोपी फरार हो गए । नवनीत झा ने बताया कि मोटरसाइकिल की क्रमांक एम पी 04 एन पी 0816 से सागौन की लकडी के पल्ले अवेद रूप से आष्टा की ओर ला रहे थे तभी कन्नोद रोड पर से घेराबंदी कर मोटरसाइकिल ओर सागौन की लकडी से बने हुए पल्ले जब्त किए। लकडी और मोटरसाइकिल की कीमत 60 हजार आकीं गई । आज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 42207 प्रकंरण पंजीबत किया । वही आरोपी की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। इस महत्वपूर्ण सफलता में रेंजर नवनीत झा वन रक्षक कपील यादव जितेन ठाकुर फेजल बरनी बहादुर सिंह ठाकुर राधेश्याम मलहोत्रा ओम प्रकाश मेवाडा आदि वनकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## महावीर जयंती : धर्म ध्वजाओं के साथ निकली शोभायात्रा





**आष्टा, देशबन्धु।** भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव पर गुरुवार को दिगंबर जैन समाज द्वारा जहां उपाध्याय विनिश्चल सागर महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में एवं जैन धर्म के ध्वजों के साथ विशाल शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। समाजजनों द्वारा भगवान की आरती एवं मुनि राजों के पाग प्रक्षालन कदम -कदम पर किए।सभी जिनालयों में सुबह भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा पर अभिषेक ,शांतिधारा की गई। श्वेतांबर जैन समाज द्वारा वरघोड़ा निकाला गया। दोनों जुलूस में समाज जन बड़ी संख्या में शामिल हुए। पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर किला एवं चंद्र प्रभु मंदिर गंज में महावीर भगवान को भक्ति भाव से पालना झुलाया गया। प्रभावना डॉ राजेन्द्र कुमार,नयन, अंकित जैन वर्धमान परिवार द्वारा किला मंदिर पर वितरित की। विशाल शोभायात्रा किला मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस किला मंदिर पर पहुंची। वहां भगवान के स्वर्ण कलशों से अभिषेक और शांतिधारा के लाभार्थी हर्षित वैदांत टोंग्या रहे। वहीं महावीर भगवान की भव्य प्रतिमा के ऊपर छत्र चढ़ाने के लाभार्थी नरेन्द्र -हर्ष गंगवाल एवं पवन- अवि जैन रहे। ब्रह्मचारिणी मंजुला दीदी ने मंत्रोच्चार के साथ छत्र चढ़वाया । मुनि राजों के पाग प्रक्षालन के लाभार्थी सुनील कुमार धर्मेन्द्र कुमार जैन आदिनाथ परिवार रहा।समाज के बच्चों के दिव्य घोष ने समां बांधा और समाज की महिलाएं अपने -अपने मंडल के गणवेश में कतारबद्ध होकर चल रही थी।इस अवसर पर उपाध्याय विनिश्चल सागर महाराज ने आशीष वचन देते हुए कहा कि वर्ष 2007 में महाराष्ट्र के औरंगाबाद में आचार्य विराग सागर जी महाराज ने विशुद्ध सागर महाराज एवं विनिश्चय सागर महाराज को आज ही महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव दिवस पर आचार्य बनाया था। आज महावीर स्वामी तो नहीं हैं लेकिन दोनों आचार्य समय सागर महाराज एवं विशुद्ध सागर महाराज जन-जन तक महावीर की वाणी पहुंचा रहे हैं। मुनिश्री प्रवर सागर महाराज ने कहा जीव जनम मरण की संस्कृति से छुटकारा लेकर अनंत सुख को प्राप्त कर सकता हैं। आष्टा वैशाली नगरी लग रही है। महावीर भगवान का जन्म कल्याणक मना रहे हैं।मृदुमन महिला मंडल ने किला मंदिर पर पालना झुलाने का कार्यक्रम आयोजित किया। समाजजनों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ पालना झुलाया। नपाध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा, नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष अंजनि विशाल चौरसिया का सम्मान किया गया। महावीर भवन स्थानक में जाप के पश्चात वरघोड़ा निकाला महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक एवं जिनशासन गौरव गुरुदेव उमेश मुनिजी के दीक्षा दिवस के पावन अवसर पर श्वेतांबर जैन समाज द्वारा महावीर भवन स्थानक में जाप, अणु चालीसा,गुणानुवाद सभा के पश्चात महावीर स्वामी गंज मंदिर से वरघोड़ा निकाला गया,जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री सीमंधर जिनदत्त धाम दादाबाड़ी पहुंचा और वहां से आष्टा तीर्थ श्री नेमिनाथ मंदिर किला पहुंचा।

# खेल जगत

## शिमला में बनेंगे आठ राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल : कश्यप



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के जिला शिमला में आठ राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल स्थापित किए जाएंगे। यह जानकारी गुरूवार को शिमला उपायुक्त अनुपम कश्यप ने दी। उन्होंने कहा कि अभी तक जिला की आठ विधानसभा क्षेत्रों में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल के लिए स्थान चयनित कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूलों को आधुनिक सुविधाओं जैसे हाईटेक स्मार्ट क्लासरूम, खेल मैदान, इंडोर स्टेडियम, रेसिंग ट्रैक और स्विमिंग पूल आदि से सुसज्जित किया जाएगा। हर स्कूल 50 बीघा के क्षेत्र में फैला होगा। यहां पर स्कूली बच्चों को रहने के लिए हॉस्टल की सुविधा भी होगी। इसके अलावा जो बच्चे रोजाना स्कूल से घर आना जाना चाहते हैं, उन्हें भी स्कूल में प्रवेश दिया जाएगा। राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल अपने आप में अनोखे स्कूल के तौर पर स्थापित होगा। स्कूलों

# केकेआर और चेन्नई के सामने जीत की राह पर लौटने की चुनौती

■ रहाणे व वेंकटेश को चेन्नई के नूर व खलील से चौकस रहने की जरूरत

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



**नई दिल्ली,** 10 अप्रैल (देशबन्ध)। पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस पर अपने घर में अंतिम ओवर में चार विकेट से जीत से आगाज करने के बाद मौजूदा आईपीएल 2025 में अगले लगातार चार मैच हारने पर खासी आलोचना झेल रही है।चेन्नै सुपर किंग्स का अपने घर में शुरू के पांच मैचों में मात्र एक जीतना और दो घर तथा दो घर से बाहर हारना उसके लिए चिंता का सबब है। लगातार चार हार के बाद चेन्नई सुपर किंग्स अब अपने घर में मौजूदा और तीन बार की चैंपियन अजिंक्य रहाणे की अगुआई वाली कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से शुक्रवार को भिड़ेगी। चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के सामने शुक्रवार को जीत की राह पर लौटने की चुनौती है। केकेआर अंक तालिका में पांच मैचों में दो जीत और तीन हार के साथ चार अंक ले छठे तथा पांच मैचों में मात्र दो अंक के साथ चेन्नई सुपर किंग्स नौवें और अंतिम पूर्व स्थान पर है। चेन्नई को जीत की राह पर लौटना है उसके क्षेत्ररक्षकों को कैच लपकने होंगे और पिछले चार मैच में उसे अपने क्षेत्ररक्षकों द्वारा टपकाए कैच महंगे पड़े। कप्तान अजिंक्य रहाणे दो अर्धशतक सहित कुल 184, वेंकटेश अय्यर एक अर्धशतक सहित 114 रन बना रंग मे होने के बावजूद केकेआर का अपने पांच में से मात्र दो मैच जीतना और पिछला सुपर जायंटस से बेहद करीबी मैच हारने के कारण यह है कि उसके शीर्ष क्रम में सलामी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक का मात्र एक 97 रन की पारी खेलना और उनके जोड़ीदार के रूप में सुनील नारायण का पिछले मैच को छोड़ कोई बड़ी पारी न खेल पाना है। बाएं हाथ के स्पिनर मौजूदा सीजन में सबसे ज्यादा पांच मैचों में 11 विकेट चटकाने वाले बाएं हाथ के स्पिनर नूर अहमद, ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (5 विकेट) व रवींद्र जडेजा (2 विकेट) के रूप में चेन्नई सुपर किंग्स की स्पिन त्रिमूर्ति के साथ बाएं हाथ के खलील अहमद (कुल दस विकेट), स्लिंजइ मथीशा पथिराना )4 मैच, 5 विकेट ) के सामने चेन्नै के चिदाम्बरम स्टेडियम में केकेआर के कप्तान रहाणे , उपकप्तान वेंकटेश अय्यर व क्विंटन डी कॉक को चौकस रहने की जरूरत होगी। चेन्नै सुपर किंग्स का अपने घर में शुरू के पांच मैचों में मात्र एक जीतना और दो हारना उसके लिए चिंता का सबब है।

खासतौर पर मौजूदा संस्करण में शिरकत कर रहे सबसे बुजुर्ग 43


## मुझे कोई शिकायत नहीं : रहाणे



लखनऊ सुपर जायंटस के खिलाफ कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने कहा कि हमारा पिछला मैच खासा करीबी रहा। मैंने टॉस जीतते ही कहा था पूरे मैच में पिच बढ़िया रहेगी। मुझे कोई शिकायत नहीं। हमने आखिर तक जमकर संघर्ष किया और मात्र चार से मैच हारे। जब आप 230 रन से ज्यादा के लक्ष्य का पीछा करते हैं तो आप विकेट खोएंगे ही। बड़े लक्ष्य का पीछा करने के बावजूद हमारी टीम हर कोई जिस जज्बे से खेला वह शानदार है। यदि बल्लेबाज इस पिच पर शुरू में कुछ टिक कर खेले तो यह बल्लेबाजी के लिए बढ़िया थी। वरुण और सुनील अमूमन बीच के ओवरों में हावी रहते हैं ।गेंदबाजों के लिए इस पिच पर गेंदबाजी कर विकेट चटकाना वाकई चुनौती था।

## धोनी बने सीएसके के कप्तान, रुतुराज आईपीएल से हुए बाहर

**चेन्नई,** 10 अप्रैल (एजेंसियां)। रुतुराज गायकवाड़ के चोटिल होकर इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के शेष मैचों से बाहर होने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स (सीकेएस) को रिकॉर्ड




पांच आईपीएल खिताब दिलाने वाले महेन्द्र सिंह धोनी को गुरुवार शाम को टीम का फिर से कप्तान बनाया गया। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच से पहले मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने धोनी को टीम का कप्तान बनाये जाने की घोषणा की। धोनी दो साल के अंतराल के बाद सीएसके टीम की कमान संभालेंगे। मौजूदा कप्तान रुतुराज गायकवाड़ को पिछले मैच में चोट लगने के कारण वे आईपीएल के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। धोनी एक महत्वपूर्ण चरण में कप्तान के रूप में वापसी कर रहे हैं, क्योंकि मौजूदा आईपीएल के सत्र में सीएसके अपने पांच में से चार मैच हार चुकी हैं और प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने की अपनी संभावनाओं को बनाए रखने के लिए उन्हें आने वाले मैचों में सुधार की जरूरत है।

# साई सुदर्शन ने बनाया शानदार रिकॉर्ड, जीटी के सामने आरआर का खराब प्रदर्शन जारी




**नई दिल्ली,** 10 अप्रैल (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 23वें मैच में गुजरात टाइटंस (जीटी) की टीम को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 58 रनों से जीत मिली, जो रनों के मामले में उनकी तीसरी सबसे बड़ी जीत है। जीटी की सबसे बड़ी जीत 2023 सीजन में आई थी, जब उन्होंने मुंबई इंडियंस को 62 रनों से हराया था। वहीं, यह राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ जीटी की सात मैचों में छठी जीत भी थी।

सीजन 2022 से अब तक हुए मुकाबलों में आरआर सिर्फ एक बार ही जीटी के खिलाफ जीतने में कामयाब रही है। आरआर को यह जीत 2023 सीजन में मिली थी। उसके बाद से लगातार सभी मैच जीटी ने जीते हैं। लेटेस्ट मैच में जीटी ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 217 रन बनाए, जिसके जवाब में आरआर 159 रन बनाकर ही ढेर हो गए। इससे पहले आरआर 2023 में आरसीबी के खिलाफ आउट हुए थे, जब उन्होंने केवल 59 ही रन बनाए थे। जीटी की जीत के हीरो रहे साई सुदर्शन, जिन्होंने ओपनिंग में आकर 53 गेंदों पर 82 रनों की पारी खेली और उन्हें %प्लेयर ऑफ द मैच% भी दिया गया। साई सुदर्शन आईपीएल की पहली 30 पारियों में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन चुके हैं। उन्होंने 1307 रन बनाए हैं। इसके बाद चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ का नंबर आता है, जिन्होंने 977 रन बनाए हैं।

आईपीएल के इतिहास में पहली 30 पारियों में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड शॉन मार्श के पास है, जिन्होंने 1338 रन बनाए हैं। साई सुदर्शन इस मामले में दूसरे स्थान पर हैं। आईपीएल 2025 की बात करें तो यह बाएं हाथ का बल्लेबाज 5 मैचों की इतनी ही पारियों में अब तक 54.60 की औसत और 152 के स्ट्राइक रेट के साथ 273 रन बना चुका है। वह सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की रेस में दूसरे स्थान पर चल रहे हैं। नंबर एक पर प्रचंड फार्म में चल रहे निकोलस पूरन हैं, जिन्होंने इतनी ही पारियों में 288 रन बनाए हैं। ताजा मुकाबले में साई सुदर्शन जहां बल्लेबाजी में स्टार रहे तो गेंदबाजी में प्रसिद्ध कृष्णा छाए रहे, जिन्होंने 4 ओवर में 24 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। इसके अलावा राशिद खान और आर अश्विन ने भी 2-2 विकेट लिए। बाकी गेंदबाजों को भी 1-1 विकेट मिला। आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस की गेंदबाजी उम्दा रही है। मोहम्मद सिराज ने 10 विकेट लेकर गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई की है। साई किशोर ने भी इतने ही विकेट लेकर स्पिन में कमाल किया है। प्रसिद्ध कृष्णा ने 8 विकेट लिए हैं। कृष्णा गुड लेंथ से थोड़ी छोटी लेंथ पर गेंदबाजी करने के लिए जाने जाते हैं। इस 'हिट द डेक' गेंदबाज ने मौजूदा सीजन में भी अपने 5 विकेट शॉर्ट लेंथ गेंदबाजी पर लिए हैं। उन्हें गुड लेंथ पर एक और फुल लेंथ पर 2 विकेट मिले हैं।

जीटी की टीम इस सीजन में पांच में से चार मैच जीत चुकी है और अंक तालिका में पहले स्थान पर है। यह इस सीजन की एकमात्र टीम है जिसके पास फिलहाल 8 अंक हैं।

# दिल्ली कैपिटल्स की टीम नहीं कर पाई 200 प्लस का टारगेट चेज



**नई दिल्ली,** 10 अप्रैल (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में 200 प्लस का टारगेट एक ऐसी गुत्थी बन गई है, जिसे 5 बार की आईपीएल ट्रॉफी विजेता चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस भी सुलझा नहीं पाई है। इस सीजन में अभी तक कुछ 23 मैच खेले गए हैं और 9 टीमों ने पहले बल्लेबाजी करते हुए विपक्षी टीम को 200 प्लस का टारगेट दिया। लेकिन, दिल्ली कैपिटल्स की टीम को छोड़ दिया जाए तो बाकी टीम 200 प्लस का टारगेट चेज नहीं कर पाई है। दिल्ली कैपिटल्स ने सीजन के दूसरे मैच में लखनऊ सुपरजायंट्स के 210 रनों के टारगेट को एक विकेट शेष रहते पूरा किया। दिल्ली कैपिटल्स ने 9 विकेट खोकर 211 रन बनाए। इस सीजन में अभी तक डीसी के बाद 8 टीमों के सामने 200 प्लस से ज्यादा का टारगेट मिला है। लेकिन, रन चेज की इस दौड़ में दूसरी टीम काफी पीछे छूटती चली गई। आंकड़े के माध्यम से बताएं तो इस सीजन के दूसरे मैच में सनराइजर्स हैदराबाद पहली ऐसी टीम बनी, जिसने 200 प्लस रन का टारगेट देते हुए राजस्थान रॉयल्स के सामने 286 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की टीम 242 ही रन बना सकी। सनराइजर्स हैदराबाद 44 रनों से मैच जीती। सीजन के चौथे मैच में दिल्ली कैपिटल्स के सामने लखनऊ सुपरजायंट्स ने 209 रन बनाए। पांचवें मैच में पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस के सामने 243 रन बनाए। जवाब में गुजरात टाइटंस 232 रन ही बना सकी और पंजाब किंग्स 11 रनों से जीती। 15वें मैच में केकेआर ने एसआरएच के सामने 200 रन बनाए। सनराइजर्स की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 120 रनों पर ऑल आउट हो गई। केकेआर ने 80 रनों से मैच जीत लिया। 16वें मैच में लखनऊ सुपरजायंट्स ने मुंबई इंडियंस के सामने 203 रन बनाए। मुंबई इंडियंस की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 191 रन ही बना सकी। लखनऊ सुपरजायंट्स 12 रनों से मैच जीती।

# आईपीएल 2025 : सैमसन पर लगा स्लो ओवर रेट के चलते 24 लाख का जुर्माना

■ जीटी की लगातार चौथी जीत ने अब उन्हें आईपीएल 2025 का नया टेबल टॉपर बना दिया है



**अहमदाबाद,** 10 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान रॉयल्स को बुधवार शाम नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस (जीटी) के हाथों 58 रनों की करारी हार का सामना करना पड़ा। वहीं, स्लो ओवर रेट के चलते राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के कप्तान संजू सैमसन पर 24 लाख रुपए का जुर्माना लगा है। गुरुवार को आईपीएल की ओर से जारी बयान में कहा गया कि सैमसन और उनकी टीम पर आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत जुर्माना लगाया गया है। बयान में कहा गया, इम्पैक्ट प्लेयर सहित प्लेइंग इलेवन के बाकी सदस्यों पर या तो 6 लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाएगा। आरआर का पिछला स्लो ओवर रेट अपराध रियान पराग की कप्तानी में हुआ था, जब गुवाहाटी के बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मैच जीतने के बाद उन पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया था। उस खेल में, सैमसन अपनी उंगली की चोट के कारण बतौर एक खिलाड़ी के रूप में खेल रहे थे। आईपीएल 2025 में स्लो ओवर रेट जुर्माना झेलने वाले अन्य कप्तानों में मुंबई इंडियंस (एमआई) के हार्दिक पांड्या, लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) के ऋषभ पंत और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के रजत पाटीदार शामिल हैं। गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स के मैच की बात करें तो, बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन ने शानदार 82 रन बनाकर अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए लाल मिट्टी की पिच पर आरआर को पूरी तरह से मात दी और जीटी को 217 के स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने अच्छी गेंदबाजी का प्रदर्शन किया। 24 रन देकर 3 विकेट चटकाए और जीटी ने आरआर को 19.2 ओवर में 159 रन पर आउट कर दिया। आरआर के लिए, शिमरोन हेटमायर (52), सैमसन (41) और पराग (26) को छोड़कर कोई भी दोहरे अंक में नहीं पहुंच सका। टूर्नामेंट में जीटी की लगातार चौथी जीत ने अब उन्हें आईपीएल 2025 का नया टेबल टॉपर बना दिया है। आईपीएल 2008 की चैंपियन आरआर अब पांच मैचों में अपनी तीसरी हार के बाद अंक तालिका में सातवें स्थान पर है।

## सार संक्षेप

### लॉस एंजिलस ओलंपिक 2028 में होंगी 351 पदक स्पर्धाएं

**जिनेवा।** लॉस एंजिलस ओलंपिक 2028 में 351 पदक स्पर्धाएं आयोजित की जायेगी। जोकि पिछले पेरिस ओलंपिक की तुलना में 22 अधिक हैं। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के कार्यकारी बोर्ड (ईबी) ने बुधवार को लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक खेलों के लिए कार्यक्रम और एथलीट कोटा को मंजूरी दे दी है। लॉस एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट के अलावा चार अन?य खेलों स्क्वैश, फ्लैग फुटबॉल, बेसबॉल/सॉफ्टबॉल और लैक्रोस भी शामिल हैं। आईओसी ने कहा कि सभी टीम खेलों में महिला और पुरुषों की टीमों के बराबर होंगी, जो कि ओलंपिक इतिहास में पहली बार है। आईओसी ने कहा कि एथलीट कोटा और स्पर्धाओं की संख्या तय करते समय लैंगिक समानता को ध्यान में रखा गया। प्रारंभिक खेल कार्यक्रम में, महिला एथलीटों की संख्या 5,333 और पुरुष एथलीटों की संख्या 5,167 है। इस ओलंपिक में तीरंदाजी, एथलेटिक्स (4 गुणा100 मीटर मिश्रित रिले), गोल्फ, जिम्नास्टिक, नौकायन तटीय समुद्र तट स्प्रिंट और टेबल टेनिस में मिश्रित स्पर्धाओं का भी किया गया है।

### बांग्लादेश की महिला टीम ने थाईलैंड को 178 रनों से हराया

**लाहौर ।** कप्तान निगार सुल्ताना (101) और शर्मिन अख्तर (नाबाद 94) की शानदार बल्लेबाजी के बाद जन्नतुल फिर्दुस तथा फहीमा खातून ( पांच-पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर बंगलादेश की महिला टीम ने गुरुवार को आईसीसी महिला विश्वकप क्लीफायर मुकाबले में थाईलैंड को 178 रनों से हरा दिया हैं। 272 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी थाईलैंड के बल्लेबाज बंगलादेश जन्नतुल फिर्दुस तथा फहीमा खातून के गेंदबाजी आक्रमण का सामना अधिक देर तक नहीं कर सके और उनकी पूरी टीम 28.5 ओवर में 93 रन के स्कोर पर ढ़ेर हो गई। थाईलैंड के लिए चानिदा सुथिरुआंग ने सर्वाधिक 22 रनों की पारी खेली। नट्टया बूचथम (17) और नारुएमोल चाइवाई (15) रन बनाकर आउट हुई। थाईलैंड के आठ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके।

### अलवर में हुई डिजिटल क्रिकेट कोचिंग श्रृंखला की शुरुआत

**अलवर।** राजस्थान के अलवर में उभरते क्रिकेटरों और कोचों को उच्चतम प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए ई-एथलीड कंपनी ने गुरुवार को डिजिटल क्रिकेट कोचिंग श्रृंखला की शुरुआत की। यह विशेषज्ञ-निर्देशित ट्यूटोरियल श्रृंखला, विश्व कप विजेता पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कोच संदीप पाटिल के मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के दिशानिर्देशों के अनुरूप विकसित की गयी है। इस कार्यक्रम का अलवर के आपणो मैरिज होम' में यह आधिकारिक शुभारंभ हुआ। इसे कोलकाता और जयपुर में पहले ही शुरु किया जा चुका है।

महिला वनडे विश्व कप क्वालीफायर

## पाकिस्तान और स्कॉटलैंड ने पहले दिन जीत दर्ज की

**लाहौर,** 9 अप्रैल (एजेंसियां)। मेजबान पाकिस्तान ने 2025 महिला वनडे विश्व कप क्वालीफायर अभियान की शुरुआत बुधवार को आयरलैंड पर 38 रन की जीत के साथ की, जबकि स्कॉटलैंड ने कप्तान हेली मैथ्यूज के जुझारू शतक के बावजूद वेस्टइंडीज पर 11 रन की शानदार जीत दर्ज की। गद्दाफी स्टेडियम में मुनीबा अली (32) और सिदरा अमीन ने 77 रन की अच्छी साझेदारी की, लेकिन बाद में अमीन 112 गेंदों पर 51 रन बनाकर आउट हो गईं। आलिया रियाज ने 54 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा करके शीर्ष स्कोर बनाया, जबकि उनके 52 रन ने मेजबान टीम की पारी को गति दी। लेकिन उनके आउट होने के बाद आयरलैंड ने शानदार वापसी की, क्योंकि पाकिस्तान ने अपने अंतिम पांच विकेट 23 रन पर गंवा दिए और 49 ओवर में 217 रन पर आउट हो गया, जिसमें जेन मैगुएर ने 3-33 विकेट लिए। आयरलैंड के लिए गैबी लुईस और एमी हंटर ने 44 रन बनाए और दूसरे विकेट के लिए 69 रन की साझेदारी की।

## द. अफ्रीका के टेस्ट कप्तान बावुमा को कोहनी में लगी चोट

**नई दिल्ली,** 10 अप्रैल (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट टीम के कप्तान टेम्बा बावुमा को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से दो महीने पहले कोहनी में चोट लग गई है। बावुमा को क्रिकेट साउथ अफ्रीका के चार-दिवसीय सीरीज के प्रथम श्रेणी फाइनल में लायंस के लिए टाइटंस के खिलाफ खेलने की उम्मीद थी, जो गुरुवार को वांडरर्स में शुरू हो रहा है। लेकिन, वह जोहान्सबर्ग नहीं पहुंचे। ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार, लायंस को पता चला कि बावुमा हल्की चोट के कारण मैच नहीं खेल पाएंगे।चैंपियंस ट्रॉफी के समापन के बाद से बावुमा ने किसी भी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में हिस्सा नहीं लिया है। हालांकि, वह पिछले सप्ताह नाइट्स के खिलाफ ब्लोमफोंटेन में खेले गए



■ एकदिवसीय मैच में सिंगल पूरा करते समय उनकी कोहनी में फिर से चोट लगी

मैच के लिए लायंस की टीम का हिस्सा थे। इस मैच को रद्द कर दिया गया था। बावुमा को 2022 में बायीं कोहनी में फ्रैक्चर हो गया था, जिसके कारण उन्हें उस साल दक्षिण अफ्रीका के इंग्लैंड दौरे से हटना पड़ा और तीन महीने तक मैदान से बाहर रहना पड़ा। पिछले साल अबू धाबी में आयरलैंड के खिलाफ एकदिवसीय मैच में सिंगल पूरा करते समय उनकी कोहनी में फिर से चोट लग गई, जिसके कारण उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट सीरीज से बाहर होना पड़ा।दक्षिण अफ्रीका के पास ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 जून से शुरू होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले सिर्फ आठ सप्ताह का समय है। वे तब तक कोई क्रिकेट नहीं खेलेंगे। टीम के कई खिलाड़ी आईपीएल 2025 में और अन्य काउंटी क्रिकेट में शामिल होंगे। दक्षिण अफ्रीका ने इस बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। क्वालीफाई करने के लिए टीम ने 12 टेस्ट मैच में आठ जीत और 69.44 अंक प्रतिशत हासिल किए। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप साइकिल की शुरुआत में टीम ने भारत के खिलाफ घरेलू मैदान पर श्रृंखला ड्रा कराई।

## राजस्थान सरकार गर्मी से निपटने के लिए एसएमएस स्टेडियम में ओआरएस और पानी के काउंटर लगाएगी

**जयपुर,** 9 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान में बढ़ते तापमान और चल रही गर्मी को देखते हुए, 13 अप्रैल को होने वाले आईपीएल 2025 के पहले मैच से पहले जयपुर के सवाई मानसिंह (एसएमएस) स्टेडियम में विशेष व्यवस्था की जा रही है। दर्शकों और खिलाड़ियों की सेहत सुनिश्चित करने के लिए पूरे स्टेडियम में ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन) काउंटर और पीने के पानी के काउंटर लगाए जाएंगे। युवा मामले और खेल विभाग के सचिव नीरज के. पवन ने बताया कि बढ़ते तापमान और आगामी मैच के दिन होने के कारण, हमने प्रशासन से दर्शकों और खिलाड़ियों दोनों को हाइड्रेट रखने के लिए स्टेडियम में ओआरएस काउंटर स्थापित करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि आयोजन स्थल के अंदर विभिन्न स्थानों पर मुफ्त में पानी भी उपलब्ध कराया जाएगा। पवन ने कहा कि इसके अलावा, दर्शकों और खिलाड़ियों दोनों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए एक समर्पित चिकित्सा दल भी मौके पर तैनात रहेगा, ताकि गर्मी से संबंधित किसी भी आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सके। स्थायित्व की दिशा में राज्य के प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए, पवन ने कहा कि हमने बिसलेरी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

# लॉस एंजिल्स 2028 क्रिकेट में पुरुष और महिला वर्ग में छह-छह टीमें भाग लेंगी



**लुसाने,** 10 अप्रैल (एजेंसियां)। लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में क्रिकेट टी-20 फॉर्मेट में खेला जाएगा। इसमें पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए टूर्नामेंट होंगे और हर टूर्नामेंट में 6-6 टीमें हिस्सा लेंगी। यह जानकारी आयोजकों ने दी। एलए 2028 ओलंपिक के लिए खेलों का कार्यक्रम और एथलीटों की संख्या को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के कार्यकारी बोर्ड ने मंजूरी दे दी। आयोजकों ने बताया कि पुरुष और महिला दोनों वर्गों के लिए 90-90 एथलीटों का कोटा तय किया गया है। इससे हर टीम को 15 खिलाड़ियों वाली टीम बनाने की इजाजत मिल जाएगी। एलए 2028 ओलंपिक के लिए क्रिकेट कहां खेला जाएगा, यह अभी तय नहीं हुआ है। क्रिकेट ओलंपिक में शामिल किए गए पांच नए खेलों में से एक है। दो साल पहले आईओसी ने क्रिकेट के साथ

■ एलए 2028 ओलंपिक के लिए क्रिकेट कहां खेला जाएगा, यह अभी तय नहीं हुआ

बेसबॉल/सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, लैक्रोस (सिक्स) और स्क्वैश को भी एलए 2028 ओलंपिक में शामिल करने की मंजूरी दी थी। मुंबई में हुए 141वें आईओसी सत्र के दौरान एलए 2028 ओलंपिक के लिए फ्लैग फुटबॉल, लैक्रोस, स्क्वैश और बेसबॉल/सॉफ्टबॉल के साथ क्रिकेट को भी शामिल किया गया। क्रिकेट पहले से ही कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स जैसे बड़े खेल आयोजनों में खेला जाता है। टी-20 फॉर्मेट में होने वाले पुरुष और महिला क्रिकेट टूर्नामेंट 2010, 2014 और 2023 के एशियाई खेलों में भी खेले गए थे। बर्मिंघम में हुए 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स में कुल 8 टीमों ने क्रिकेट में हिस्सा लिया था। वहीं हांग्जो एशियाई खेलों में पुरुषों की क्रिकेट प्रतियोगिता में 14 टीमों ने और महिलाओं की प्रतियोगिता में 9 टीमों ने भाग लिया था। मार्च 2025 में आईओसी सत्र द्वारा मुक्केबाजी को शामिल करने के साथ, लॉस एंजिल्स 2028 खेलों के कार्यक्रम में 31 खेल हैं।

## अदाणी ने नेशनल पैरा टीटी में उपलब्धियों के लिए नूरजहां जमानी को दी बधाई

**नई दिल्ली,** 10 अप्रैल (एजेंसियां)। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने अदाणी एयरपोर्ट्स की नूरजहां जमानी को यूटीटी नेशनल पैरा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने के लिए बधाई दी है। ने गुरुवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में नूरजहां के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा, अदाणी में एक और शानदार सप्ताह! उन्होंने लिखा, अदाणी एयरपोर्ट्स की नूरजहां जमानी को ढेरों बधाइयां। यूटीटी नेशनल पैरा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक, उसके बाद नेशनल पैरा टेबल टेनिस 2024-25 में महिला सिंगल्स (क्लास 6) में फिर से स्वर्ण, मिक्स डबल्स में रजत और महिला डबल्स में कांस्य पदक जीते। यह अद्भुत सफलता हम सबके लिए गर्व की बात है। लिंक्डइन प्रोफाइल के अनुसार, नूरजहां जमानी अदाणी एयरपोर्ट्स होल्डिंग्स लिमिटेड में जूनियर ऑफिसर के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 में भी महिला वर्ग (क्लास 6) में रजत पदक जीता है। वह अहमदाबाद रैकेट अकादमी से जुड़ी हुई हैं और 2023 में मिस्र में हुई आईटीटीएफ पैरा ओपन प्रतियोगिता में मिक्स डबल्स में कांस्य पदक जीत चुकी हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट तस्वीर में गौतम अदाणी के साथ अदाणी समूह के एक और कर्मचारी, के मेहता भी दिखाई दे रहे हैं, जो व्हीलचेयर पर होने के बावजूद ऋषिकेश में बंजी जंपिंग जैसे साहसिक खेल का अनुभव कर चुके हैं। गौतम अदाणी ने पोस्ट में आगे लिखा, मेरे साथ एक और निडर विजेता हैं, हमारी बिजनेस डेवलपमेंट टीम से के मेहता, जो हमारे अपने 'बंजी चैंपियन' हैं। पोस्ट के अंत में लिखा गया, उड़ान उन्हीं को मिलती है जो आसमान छूने का जज्बा रखते हैं। हम करके दिखाते हैं। गौरतलब है कि 'हम करके दिखाते हैं' अदाणी समूह का एक मीडिया अभियान है, जो मई 2023 में शुरू हुआ था।

